रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 388] नई दिल्ली, सोमवार, दिसम्बर 7 2015/अग्रहायण 16, 1937
No. 388] NEW DELHI, MONDAY, DECEMBER 7, 2015/AGRAHAYANA 16, 1937

स्टेट बैंक ऑफ मैसूर

(प्रधान कार्यालय)

बेंगलूरु 4 दिसम्बर, 2015

फा. सं. 05/ 2015-16/01.—स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु का निदेशक बोर्ड, भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959 (1959 का 38) की धारा 63 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. एसबीएस 3/59, तारीख 30 सितंबर, 1959 द्वारा प्रकाशित समनुषंगी बैंक साधारण विनियम, 1959 को उन बातों के सिवाए अधिक्रांत करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है अधिक्रांत करते हुए भारतीय स्टेट बैंक और भारत के रिजर्व बैंक के परामर्श से तथा केंद्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :-

अध्याय 1

परिचायक

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—(1) इन विनियमों का नाम स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु साधारण विनियम, 2015 हैं।

(2) ये उनके राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत होंगे ।

2. परिभाषाएं—(1) इन विनियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हों,--

(क) "अधिनियम" से भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959 (1959 का 38) अभिप्रेत है ;

(ख) "बोर्ड" से समनुषंगी बैंक का निदेशक बोर्ड अभिप्रेत है ;

(ग) "अध्यक्ष" से अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खंड (क) में यथाविनिर्दिष्ट किसी अनुषंगी बैंक के निदेशक बोर्ड का अध्यक्ष अभिप्रेत है ;

(घ) "कंपनी" से कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) की धारा 2 के खंड (20) में यथापरिभाषित कोई कंपनी, या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन निगमित निगमित निकाय जब तक कि विषय या संदर्भ के प्रतिकूल कोई बात न हो, अभिप्रेत है, इसके अंतर्गत सहकारी सोसाइटी भी है ;

(ङ) "कार्यपालक समिति" से विनियम 47 के अधीन गठित बोर्ड की कार्यपालक समिति अभिप्रेत है ;

(च) "अनुषंगी बैंक के प्रति ऋणग्रस्तता" से निम्नलिखित अभिप्रेत है—

(i) ऋणों पर बकाया, जहां ऋणों का पूर्णतया संवितरण कर दिया गया है ;

(ii) स्वीकृत ऋणों की अधिकतम रकम, जहां पूरी रकम का संवितरण नहीं किया गया हो ;

(iii) घटते-बढ़ते खातों में अग्रिम की स्वीकृति के लिए सीमा, तथापि वास्तविक आहरण शक्ति निम्न हो सकेगी ;

(iv) बंद किए गए आवधिक बिलों के खाते में बकाया रकम और उधार लेने वाले से क्रय किए गए मांग बिल या उनके लिए स्वीकृत सीमा, जो भी उच्चतर हो ; और

(v) वह रकम, जिनके लिए उधार लेने वाले की ओर से अनुषंगी बैंक द्वारा ऋण या अग्रिम के अधीन दायित्व स्वीकार किए गए हैं और स्वीकृत बिलों या जारी प्रत्यय पत्रों या दी गई गारंटियां या क्षतिपूर्तियां या उनके लिए स्वीकृत सीमाएं, जो भी अधिकतर हों किंतु इसके अंतर्गत विनिर्दिष्ट प्रतिभूति के विरुद्ध ऋणग्रस्तता शामिल नहीं है ;

(छ) "ऋण या अग्रिम" के अंतर्गत आवधिक बिलों को बंद करने के माध्यम से दी गई प्रत्यय सुविधाएं, मांग बिलों का क्रय, बिलों को स्वीकार करना या प्रत्यय पत्रों और गारंटियों या क्षतिपूर्तियों का जारी करना, शामिल है ;

(ज) "प्रबंध निदेशक" से अधिनियम की धारा 29 के अधीन नियुक्त अनुषंगी बैंक का प्रबंध निदेशक अभिप्रेत है ;

(झ) "नातेदार" अनुसूची 2 में विनिर्दिष्ट व्यक्ति अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत समय-समय पर बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट कोई अन्य व्यक्ति शामिल है ;

(ञ) "भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड" से भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (1992 का 15) के अधीन गठित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अभिप्रेत है ;

(ट) "भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड विनियम" से भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (1992 का 15) के अनुसार जारी विनियम या मार्गदर्शक सिद्धांत अभिप्रेत है ;

(ठ) "विनिर्दिष्ट प्रतिभूति" से निम्नलिखित कोई एक या अधिक प्रतिभूतियां अभिप्रेत है :

(i) स्टॉक, निधियां और प्रतिभूतियां (चल संपत्ति से भिन्न) जिनमें कोई न्यासी तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन न्यास धन का विनिधान कर सकेगा ;

(ii) किसी जिला बोर्ड, नगरपालिका समिति या अन्य स्थानीय प्राधिकारी द्वारा या उसके निमित्त तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन जारी डिबेंचर या धन के लिए अन्य प्रतिभूतियां ;

(iii) बोर्ड द्वारा जारी किए जा सकने वाले साधारण या विशेष निदेशों के अधीन रहते हुए ;

(क) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि द्वारा या उसके अधीन निगमों (कंपनियों से संबंधित किसी विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत कंपनियों से भिन्न) के डिबेंचर और पूर्णतया संदत्त शेयर ; और

(ख) भारत या ऐसे अन्य देश में जिसे केंद्रीय सरकार इस निमित्त अनुमोदित करे, कंपनियों से संबंधित किसी विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत सीमित दायित्व कंपनियों के डिबेंचर ;

(iv) अनुषंगी बैंक द्वारा उसके पास जमा रकमों के साक्ष्य या को उपदर्शित करते हुए जारी प्राप्तियां, प्रमाणपत्र या लिखतों को कोई अन्य प्रारूप ;

(v) ऐसे माल (शेयरों या प्रतिभूतियों से भिन्न) जिन्हें अनुषंगी बैंक के पास जमा किया गया है या स्टेट बैंक के विशेष निदेशों से प्राधिकृत किया गया है, या अग्रिमों, ऋणों या प्रत्ययों के लिए अनुषंगी बैंक के पास प्रतिभूति के रूप में आडमान किया गया है ;

(vi) अनुषंगी बैंक के पास अग्रिमों, ऋणों या प्रत्ययों के लिए प्रतिभूति के रूप में समनुदेशित मालों के हक दस्तावेज ;

(vii) कोई अन्य प्रतिभूति, जिसे समय-समय पर स्टेट बैंक के परामर्श से बोर्ड द्वारा सामान्यत: या किसी विशिष्ट प्रयोजन के लिए या उधार लेने वालों के प्रवर्ग के लिए "विनिर्दिष्ट प्रतिभूति" विनिर्दिष्ट किया जाए ;

(ङ) "अनुषंगी बैंक" से स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु अभिप्रेत है ;

(ढ) "सारवान हित" का वही अर्थ होगा, जो उसका बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 5 के खंड (ढङ) में है ।

(2) वे शब्द और पद, जो इन विनियमों में प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं किंतु अधिनियम में परिभाषित हैं, उनका वही अर्थ होगा जो उनका क्रमश: अधिनियम में है ।

अध्याय 2

शेयर और शेयर रजिस्टर

3. शेयर जंगम संपत्ति—अनुषंगी बैंक के शेयर चल संपत्ति होंगे, इन विनियमों में उपबंधित रीति में अंतरणीय होंगे ।

4. शेयर पूंजी—(1) अनुषंगी बैंक की शेयर पूंजी साम्य शेयर पूंजी या साम्य और अधिमानी शेयर पूंजी से मिलकर बनेगी ।

(2) साम्या (इक्विटी) शेयर पूंजी शेयर पूंजी का वह भाग है, जो अधिमानी शेयर पूंजी नहीं है ।

(3) अधिमानी शेयर पूंजी अनुषंगी बैंक की शेयर पूंजी का वह भाग है, जो निम्नलिखित शर्तों को पूरा करता है, अर्थात् :--

(क) लाभांशों की बाबत इसमें एक नियत रकम संदत्त करने का अधिमानी अधिकार या नियत दर या प्लवमान (फ्लोटिंग) दर पर संगणित रकम का अधिकार है, जो या तो आयकर से मुक्त या आयकर की शर्त के अधीन हो सकेगी ;

(ख) पूंजी की बाबत समापन होने पर पूंजी के पुनर्संदाय के लिए इसमें संदत्त पूंजी की रकम या संदत्त समझी गई रकम चाहे वहां निम्नलिखित रकमों में से किसी एक या दोनों के संदाय का अधिमानी अधिकार है, का पुनर्संदाय करने का अधिमानी अधिकार है या होगा, अर्थात् :--

(i) परिसमापन या पूंजी के पुनर्संदाय की तारीख तक खंड (क) में विनिर्दिष्ट रकमों की बाबत कोई धन, जो असंदत्त रहता है, और

(ii) स्टेट बैंक की पूर्व स्वीकृति से बोर्ड या कार्यपालक समिति द्वारा विनिर्दिष्ट किसी नियत स्केल पर नियत प्रीमियम या नियत प्रीमियम ।

5. साम्या (इक्विटी) **या अधिमानी शेयरों के निर्गम द्वारा निर्गम पूंजी में वृद्धि करने की प्रक्रिया—**निर्गम पूंजी में वृद्धि करने की प्रक्रिया के साथ प्रस्ताव को बोर्ड द्वारा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के सुसंगत विनियमों को निर्दिष्ट करते हुए अनुमोदित किया जाएगा, जिसे रिजर्व बैंक के परामर्श से अनुमोदन के लिए स्टेट बैंक और केंद्रीय सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा :

परंतु अधिमानी शेयरों का निर्गम रिजर्व बैंक द्वारा विरचित मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार होगा ।

6. शेयरों और रजिस्टरों पर नियंत्रण—(1) अधिनियम और इन विनियमों के उपबंधों के अधीन रहते हुए अनुषंगी बैंक के शेयर धारकों के रजिस्टर का अनुरक्षण बोर्ड या कार्यपालक समिति के द्वारा और उसके नियंत्रणाधीन होगा तथा बोर्ड या कार्यपालक समिति का इस बाबत विनिश्चय कि क्या या कोई व्यक्ति किसी शेयर की बाबत धारक के रूप में रजिस्ट्रीकृत करने का हकदार है या नहीं, अंतिम होगा ।

(2) विशिष्टतया और पूर्वगामी उपबंध की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना बोर्ड या कार्यपालक समिति अनुषंगी बैंक को शेयर धारकों के रजिस्टर में प्रविष्टियों की बाबत जांच करने की और अंतरणों और पारेषणों (ट्रांसमिशन) को पास करने की या इंकार करने की और शेयरों के अंतरितियों का अनुमोदन करने की या अनुमोदन से इंकार करने की और शेयर प्रमाणपत्र देने की शक्ति होगी ।

7. पक्षकार, जिन्हें शेयर धारकों के रूप में रजिस्ट्रीकृत नहीं किया जा सकेगा—(1) सिवाय इन विनियमों में अन्यथा उपबंधित के सभी व्यक्ति, जो संविदा करने के लिए सक्षम नहीं है, शेयर धारक के रूप में रजिस्ट्रीकृत किए जाने के हकदार नहीं होंगे और इस संबंध में बोर्ड या कार्यपालक समिति का विनिश्चय निश्चायक और अंतिम होगा ।

(2) भागीदारी फर्मों की दशा में शेयरों को व्यष्टिक भागीदारों (इंडिविजवल पार्टनर्स) के नाम में रजिस्ट्रीकृत किया जाएगा और इस प्रकार कोई फर्म शेयर धारक के रूप में रजिस्ट्रीकृत किए जाने की हकदार नहीं होगी ।

8. शेयर रजिस्टर में दर्ज किए जाने वाले विवरण—(1) अधिनियम की धारा 21 में विनिर्दिष्ट विवरण के अतिरिक्त, शेयर धारकों के रजिस्टर में निम्नलिखित विशिष्टियों को दर्ज किया जाएगा—

(i) प्रत्येक शेयर धारक द्वारा शेयर या शेयरों के अर्जन की रीति और सिवाय स्टेट बैंक को शेयरों के आबंटन की दशा में, पूर्ववर्ती धारक का नाम ;

(ii) क्या शेयर धारक शेयर धारकों के निम्नलिखित प्रवर्ग में से किसी एक से संबंध रखता है, अर्थात्, स्टेट बैंक या कोई अन्य अपशिष्ट प्रवर्ग ;

(iii) जब कोई व्यक्ति शेयर धारक नहीं रहता है तो उस व्यक्ति का नाम, जिसके पक्ष में शेयर या शेयरों को अंतरित किया गया है ; और

(iv) ऐसे अन्य विवरण, जिन्हें बोर्ड या कार्यपालक समिति विनिर्दिष्ट करें ।

(2) शेयरों के संयुक्त धारकों की दशा में उनके नाम और उपविनियम (1) द्वारा अपेक्षित अन्य विशिष्टियों को ऐसे संयुक्त धारकों में से पहले के नाम के अधीन समुहित किया जाएगा ।

(3) भारत से बाहर निवासी शेयर धारक अनुषंगी बैंक को भारत में कोई पता प्रस्तुत करेगा और ऐसे पते को रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा तथा इसे अधिनियम और इन विनियमों के प्रयोजन के लिए उसका रजिस्ट्रीकृत पता समझा जाएगा ।

9. संयुक्त धारकों द्वारा अधिकारों का उपयोग—यदि कोई शेयर दो या अधिक व्यक्तियों के नाम में है तो रजिस्टर में नामित पहला व्यक्ति मतदान, लाभांशों की प्राप्ति, सूचनाओं की तामील और अनुषंगी बैंक से संबंधित सभी या किसी अन्य विषय सिवाय शेयरों के अंतरण और नामनिर्देशन करने के अधिकार के उनका एकमात्र धारक समझा जाएगा ।

10. रजिस्टर का निरीक्षण—(1) अनुषंगी बैंक के शेयर धारकों का रजिस्टर, सिवाय जब इन विनियमों के उपबंधों के अधीन बंद हों, किसी शेयर धारक द्वारा निरीक्षण के लिए बिना किसी प्रभार के, उस स्थान पर जहां उसका अनुरक्षण किया जाता है, कारबार के घंटों के दौरान ऐसे युक्तियुक्त निर्बंधनों के अधीन रहते हुए, जो अनुषंगी बैंक अधिरोपित करें, खुला होगा, किंतु प्रत्येक कार्यदिवस को निरीक्षण के लिए दो घंटें से अन्युन समय अनुज्ञात किया जाएगा ।

(2) किसी शेयर धारक को रजिस्टर में किसी प्रविष्टि की प्रति या कंप्यूटर प्रिंट या डिस्के बनाने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा किंतु उसे सिवाय तब जब रजिस्टर बंद कर दिया गया है, रजिस्टर की या उसके किसी भाग की कागज प्ररूप में या इलेक्ट्रॉनिकी प्ररूप में उसके लिए ऐसी दर पर पूर्व संदाय करने पर, जैसा समय-समय पर बोर्ड या कार्यपालक समिति विनिश्चय करें, अनुज्ञात किया जा सकेगा ।

11. शेयर रजिस्टर को बंद करना—(1) बोर्ड या कार्यपालक समिति शेयर धारकों के रजिस्टर को किसी अवधि या अवधियों के लिए, जो प्रत्येक वर्ष समग्र रूप से, जो दो मास से अधिक नहीं हो, किंतु किसी एक समय में एक मास से अधिक नहीं हो, बंद कर सकेगी ।

(2) रजिस्टर को बंद करने की सूचना भारत में व्यापक परिचालन रखने वाले कम से कम दो दैनिक समाचार-पत्रों में प्रकाशित की जाएगी ।

12. शेयर प्रमाणपत्र—(1) प्रत्येक शेयर प्रमाणपत्र, ऐसे प्ररूप में जारी किया जाएगा जैसा समय-समय पर बोर्ड या कार्यपालक समिति द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए और उस पर शेयर प्रमाणपत्र संख्या, एक सुभिन्न संख्या, उन शेयरों की संख्या, जिसकी बाबत उसका निर्गम किया जा रहा है और उस शेयर धारक (धारकों), जिन्हें वह जारी किया जा रहा है, के नाम होंगे ।

(2) प्रत्येक शेयर प्रमाणपत्र को अनुषंगी बैंक की सामान्य मुद्रा के अधीन जारी किया जाएगा और अनुषंगी बैंक के निमित्त उस पर अनुषंगी बैंक द्वारा सम्यकता प्राधिकृत दो व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे तथा प्रत्येक ऐसे हस्ताक्षर को मुद्रित, उत्कीर्ण, लिथोग्राफ किया जाएगा या किसी अन्य यांत्रिक प्रक्रिया द्वारा, जैसा बोर्ड या कार्यपालक समिति निदेश दे, चिह्नित किया जाएगा ।

(3) इस प्रकार मुद्रित, उत्कीर्ण, लिथोग्राफ या अन्यथा चिह्नित हस्ताक्षर वैसे विधिमान्य होंगे मानो हस्ताक्षरकर्ता के स्वयं की उचित हस्तलिपि में हस्ताक्षर हों ।

(4) कोई शेयर प्रमाणपत्र तब तक विधिमान्य नहीं होगा जब तक कि उस पर इस प्रकार हस्ताक्षर न हों और इस प्रकार हस्ताक्षरित शेयर प्रमाणपत्र इस बात के होते हुए भी कि उनके निर्गम से पूर्व कोई व्यक्ति जिसके हस्ताक्षर उस पर हैं, अनुषंगी बैंक की ओर से शेयर प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति नहीं रह गया है, विधिमान्य और बाध्यकर होंगे :

परंतु जहां इस प्रकार तैयार किए गए शेयर प्रमाणपत्र में उपविनियम (2) के अधीन प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर अंतर्विष्ट हैं, जिसकी प्रमाणपत्र जारी करने के समय मृत्यु हो गई है, अनुषंगी बैंक उसके द्वारा सर्वाधिक उपयुक्त मानी जाने वाली विधि द्वारा ऐसे व्यक्ति के हस्ताक्षर को रद्द कर सकेगा और उसके द्वारा किसी अन्य प्राधिकृत व्यक्ति उस पर हस्ताक्षर कर सकेगा जो कि ऐसे शेयर प्रमाणपत्र को विधिमान्य कर देगा ।

13. बिना किसी प्रभार के शेयर प्रमाणपत्र का निर्गम—(1) अनुषंगी बैंक को कोई शेयर धारक प्रत्येक 50 शेयरों या ऐसी संख्या में शेयरों के जैसा कि बोर्ड या कार्यपालक समिति द्वारा विनिश्चय किया जाए, किसी एक अवसर पर उसके नाम में रजिस्ट्रीकृत शेयरों के लिए एक प्रमाणपत्र के लिए हकदार होगा और एक अतिरिक्त शेयर प्रमाणपत्र के लिए और गुणांक से अधिक किंतु 50 शेयरों से कम के लिए हकदार होगा ।

(2) यदि रजिस्ट्रीकृत किए जाने वाले शेयरों की संख्या 50 से कम है या शेयरों की उतनी संख्या है, जिसका कि बोर्ड या कार्यपालक समिति द्वारा विनिश्चय किया गया है, सभी शेयरों के लिए एक प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा ।

(3) यदि कोई शेयर धारक उस संख्या से अधिक, जिसका कि वह, यथास्थिति, उपविनियम (1) या उपविनियम (2) के अधीन हकदार है, प्रमाणपत्र की अपेक्षा करता है, बोर्ड या कार्यपालक समिति अपने स्व:विवेक पर उतने अतिरिक्त प्रमाणपत्रों का निर्गम कर सकेगी ।

(4) अनेक व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से धृत शेयरों की दशा में ऐसे संयुक्त धारकों में से किसी एक को प्रमाणपत्र या प्रमाणपत्रों का परिदान सभी को पर्याप्त परिदान होगा और किसी एक शेयर धारक द्वारा हस्ताक्षरित प्राप्ति सभी संयुक्त धारकों पर प्रभावोत्पादक रूप से बाध्यकर होगी ।

14. नए या अनुलिपि (डुप्लिकेट) शेयर प्रमाणपत्रों का निर्गम—(1) यदि कोई शेयर प्रमाणपत्र पुराना हो गया है या विरुपित हो गया है या उप विभाजन या समेकन के लिए प्रदान किया गया है तब उसको बोर्ड या कार्यपालक समिति को प्रस्तुत करने पर बोर्ड या कार्यपालक समिति उसे रद्द करने का आदेश दे सकेंगे और उसके स्थान पर नया प्रमाणपत्र या नए प्रमाणपत्र जारी करवाएंगे ।

(2) यदि शेयर प्रमाणपत्र का खो जाने या नष्ट हो जाने का कथन किया जाता है तो उसके खोने या नष्ट हो जाने का साक्ष्य प्रस्तुत करने पर, जिसे बोर्ड या कार्यपालक समिति समाधानप्रद समझे और ऐसी क्षतिपूर्ति पर प्रतिभूति के साथ या उसके बिना जैसा बोर्ड या कार्यपालक समिति अपेक्षा करें उसके स्थान पर एक नया प्रमाणपत्र उस पक्षकार को, जो ऐसे खो गए या नष्ट हो गए प्रमाणपत्र का हकदार है, दे सकेंगे ।

(3) उपविनियम (1) और उपविनियम (2) में निर्दिष्ट मामलों से अनुषंगी लागत, प्रभार और व्यय का अवधारण समय-समय पर बोर्ड या कार्यपालक समिति द्वारा किया जाएगा और वह उसके लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति (व्यक्तियों) द्वारा संदेय होगा ।

(4) जब उपविनियम (1) में विनिर्दिष्ट परिस्थितियों में कोई प्रमाणपत्र जारी किया जाता है तो वह उसके मुख पर उसका और, यथास्थिति, इस प्रभाव का कथन करेगा कि वह "शेयर प्रमाणपत्र सं. ..... उपविभाजित/प्रतिस्थापित/शेयरों के समेकन पर" जारी किया गया है ।

(5) जब उपविनियम (2) में विनिर्दिष्ट किसी परिस्थिति में प्रमाणपत्र जारी किया जाता है तो उसके मुख पर और इस प्रभाव का कथन होगा कि वह "शेयर प्रमाणपत्र सं. ..... के स्थान पर अनुकृति (डुप्लिकेट) के रूप में" जारी किया गया है। इसके अतिरिक्त, "अनुकृति" (डुप्लिकेट) शब्द शेयर प्रमाणपत्र में मोटे अक्षरों में स्टांपित या पंच किया जाएगा।

15. शेयरों का अंतरण—(1) अनुषंगी बैंक के शेयरों का प्रत्येक अंतरण लिखित में निम्नलिखित प्ररूप में या किसी अन्य प्रायिक या सामान्य प्ररूप में होगा जिसे अनुषंगी बैंक अनुमोदित करेगा :

मैं/हम ..... के मुझे/हमें ..... द्वारा संदत्त ..... रूपए की राशि के प्रतिफल में ..... (जिन्हें इसके पश्चात् अंतरिती कहा गया है) एतद्वारा अंतरितियों को ..... शेयर ..... नंबर ..... जिन पर ..... सुभिन्न नंबर है, अंतरिती (अंतरितियों) उसके/उनके निष्पादकों, प्रशासकों और समनुदेशितियों को भारतीय स्टेट बैंक (अनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959 और तदधीन बनाए गए नियमों और विनियमों में अंतर्विष्ट अनेक शर्तों के अधीन रहते हुए और मैं/हम अंतरिती एतद्वारा अनुरोध करते हैं कि मुझे/हमें उक्त शेयर/शेयरों के संबंध में शेयरधारक के रूप में रजिस्ट्रीकृत किया जाए ।

नाम .....

पता.....
साक्षी.....
नाम.....

पता.....

व्यवसाय.....

अंतरिती.....
नाम .....

पता.....
साक्षी.....
नाम.....
पता.....

(व्यवसाय.....

स्थान..... तारीख.....

(2) किसी शेयर के अंतरण के लिखित को अनुषंगी बैंक को प्रस्तुत किया जाएगा और उस पर अंतरक द्वारा या उसके निमित्त हस्ताक्षर किए जाएंगे और अंतरक को ऐसे शेयरों का तब तक धारक माना जाएगा जब तक कि अंतरिती को शेयर रजिस्टर में दर्ज नहीं कर लिया जाता है । ऐसे अंतरण के लिए प्रत्येक हस्ताक्षर को किसी एक साक्षी द्वारा सत्यापित किया जाएगा जो अपना पता और व्यवसाय उसमें जोड़ेगा।

(3) अंतरक को अरजिस्टर करने के अनुरोध के साथ बोर्ड द्वारा अंतरण के किसी लिखत की प्राप्ति पर बोर्ड या कार्यपालक समिति सिवाय तब जब वह विनियम 16 के अधीन रजिस्ट्रीकरण से इंकार कर देती है, उस तारीख से दो मास के भीतर, जिसको अनुषंगी बैंक को बोर्ड को प्रस्तुत करने के लिए अंतरण लिखत परिदत्त किया गया था, अंतरण को रजिस्टर करना कारित करेगी ।

16. अंतरणों से इंकार करने या निलंबित करने की शक्ति—(1) बोर्ड या कार्यपालक समिति शेयरों के किसी अंतरण को रजिस्टर करने से तभी इंकार कर सकेंगे जब:--

(क) अंतरक द्वारा या उसके निमित्त विधिवत स्टांपित और निष्पादित उचित लिखत तथा अंतरिती को बोर्ड या कार्यपालक समिति को प्रस्तुत न कर दिया गया है ;

(ख) अंतरण के लिखत के साथ शेयरों का प्रमाणपत्र संलग्न नहीं है जिससे कि वह संबंध रखता है और अन्य ऐसा साक्ष्य जैसा अनुषंगी बैंक युक्तियुक्त रूप से अंतरक के अंतरण करने के अधिकार के साक्ष्य के रूप में अपेक्षा करे संलग्न नहीं है;

(ग) उसका ऐसी जांच जैसा वह आवश्यक समझे, करने के पश्चात् यह समाधान हो गया है कि अंतरिती शेयर धारक के रूप में रजिस्ट्रीकृत किए जाने के लिए अर्हित नहीं है ।

(2) बोर्ड या कार्यपालक समिति अंतरण के रजिस्ट्रीकरण को किसी अवधि के दौरान जिसमें रजिस्टर बंद किया गया है, निलंबित कर सकेंगे ।

17. किसी शेयर धारक द्वारा नामनिर्देशन की रीति—(1) प्रत्येक व्यष्टि शेयर धारक या संयुक्त धारकों द्वारा इकट्ठा किया जाने वाला नामनिर्देशन, जहां शेयरों को एक से अधिक व्यष्टि के नाम रजिस्ट्रीकृत किया जाना है, इन विनियमों की अनुसूची 1 में विनिर्दिष्ट प्ररूप क के अनुसार होगा ।

(2) जहां नामनिर्देशिती नाबालिग है, यथास्थिति, शेयर धारक या संयुक्त धारक इकट्ठे किसी अन्य व्यक्ति का नाम और पता प्रस्तुत कर सकेंगे जो अप्राप्तवय नहीं है, जिसके एक मात्र नाम को, यथास्थिति, शेयर धारक या संयुक्त धारकों की मृत्यु की दशा में नामनिर्देशिती के अप्राप्तवय के दौरान शेयर धारक के रूप में रजिस्ट्रीकृत किया जाएगा ।

(3) नामनिर्देशिती एक व्यष्टिक है और निगमित निकाय, न्यास, सोसाइटी, भागीदारी फर्म और हिन्दू अविभक्त कुटुंब के कर्ता के पक्ष में नामनिर्देशन स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

(4) नामनिर्देशन शेयर धारक (धारकों) के जीवन काल के दौरान शेयरों के अंतरण पर विखंडित हो जाएगा ।

(5) शेयर धारक या सभी संयुक्त शेयर धारक इकट्ठे किसी भी समय नामनिर्देशन को रद्द कर सकेंगे या उसमें फेरफार कर सकेंगे और किसी व्यष्टिक के पक्ष में, जैसा वह उचित समझें, नया नामनिर्देशन कर सकेंगे ।

(6) किसी व्यष्टिक शेयर धारक या सभी संयुक्त शेयर धारकों द्वारा नामनिर्देशन में फेरफार या रद्दकरण इन विनियमों की अनुसूची 1 में यथाविनिर्दिष्ट प्ररूप ख में होगा ।

(7) यथा पूर्वोक्त नामनिर्देशन कर रद्दकरण या फेरफार किसी भी समय जिसके दौरान शेयरों को उन व्यक्तियों द्वारा धारण किया जाता है, जो रद्दकरण कर रहे हैं या उसमें फेरफार कर रहे हैं, किया जा सकेगा ।

(8) शेयरों को एक से अधिक व्यक्ति द्वारा संयुक्त रूप से धारण किए जाने की दशा में नामनिर्देशन का रद्दकरण या फेरफार तब तक विधिमान्य नहीं होगा जब तक कि नामनिर्देशन का रद्दकरण या फेरफार करने के समय उत्तरजीवी सभी शेयर धारकों द्वारा वह नहीं किया जाए ।

(9) अनुषंगी बैंक संबंधित शेयर धारक को, यथास्थिति, नामनिर्देशन या नामनिर्देशन के रद्दकरण या नामनिर्देशन में फेरफार के सम्यकतापूर्ण फार्म की लिखित अभिस्वीकृति देगा ।

(10) नामनिर्देशन या नामनिर्देशन के रद्दकरण या नामनिर्देशन में फेरफार को अनुषंगी बैंक द्वारा इस प्रयोजन के लिए रखे गए रजिस्टर में रजिस्टर किया जाएगा ।

(11) इन विनियमों में किसी व्यक्ति द्वारा व्यष्टिक या किसी अन्य व्यक्ति के साथ संयुक्त रूप से डीमैट खाते में धारण किए गए किन्हीं शेयरों की बाबत किसी बात के होते हुए भी, सुसंगत उपबंधों के अनुसार ऐसे डीमैट खाते में रजिस्ट्रीकृत कोई वैध नामनिर्देशन केवल एकमात्र रूप से ऐसे शेयरों के संबंध में वैध नामनिर्देशन होगा ।

स्पष्टीकरण : किसी व्यक्ति द्वारा भौतिक रूप में धारण किए गए शेयरों के संबंध में कोई नामनिर्देशन ऐसे शेयरों के डीमैटिरियालाइज्ड रूप में संपरिवर्तित करने पर रद्द समझा जाएगा और इसी प्रकार किसी डीमैट खाते में कोई नामनिर्देशन डीमैट रूप से भौतिक रूप में संपरिवर्तित किए गए शेयरों के संबंध में विधिमान्य नहीं होगा ।

18. नामनिर्देशन की दशा में शेयरों का पारेषण – (1) यथास्थिति, शेयर धारक की मृत्यु पर या सभी संयुक्त धारकों की मृत्यु पर कोई व्यक्ति, जो विधिमान्य नामनिर्देशन के कारण शेयरों का हकदार है, ऐसे साक्ष्य की प्रस्तुति पर, जैसा बोर्ड या कार्यपालक समिति अपेक्षा करे और इसमें यथाउपबंधित के अधीन रहते हुए चयन करे, या तो –

(क) स्वयं को शेयरों का धारक के रूप में रजिस्ट्रीकृत करेगा ; या

(ख) शेयरों का अंतरण करेगा, जैसा कि मृतक शेयर धारक ने किया होता ।

(2) कोई व्यक्ति, जो उपविनियम (1) के अधीन शेयर का हकदार है, उस रूप में शेयर की धारक के रूप में रजिस्ट्रीकृत किए जाने का चयन करता है, वह समनुषंगी बैंक को यह कथन करते हुए स्वयं द्वारा हस्ताक्षरित लिखित सूचना का परिदान करेगा या भेजेगा कि उसने ऐसा चयन किया है और ऐसी सूचना के साथ, यथास्थिति, मृतक शेयर धारक या संयुक्त शेयर धारकों के मृत्यु प्रमाणपत्र संलग्न होंगे ।

(3) उपविनियम (2) के अधीन बोर्ड या कार्यपालक समिति द्वारा सूचना और अन्य दस्तावेज (दस्तावेजों) की प्राप्ति पर, बोर्ड या कार्यपालक समिति ऐसी जांच और ऐसे निबंधनों और शर्तों के अधीन, जो वह उचित समझे, शेयरों का ऐसे व्यक्ति के पक्ष में रजिस्टर करेगी/कराएगा जो मृतक शेयर धारक द्वारा किए गए नामनिर्देशन के अनुसार शेयरों का हकदार है ।

(4) अंतरण के अधिकार तथा शेयरों के अंतरण के रजिस्ट्रीकरण के संबंध में इन विनियमों या अधिनियम की सभी परिसीमाएं, निर्बंधन और उपबंध उपरोक्त ऐसी सूचना या अंतरण को ऐसे लागू होंगे मानो शेयर धारक की मृत्यु नहीं हुई थी और अंतरण की सूचना पर उस शेयर धारक द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे ।

(5) कोई व्यक्ति, जो उपविनियम (1) के अधीन शेयरों का हकदार है, लाभांश और अन्य फायदों के लिए ऐसे हकदार होगा मानो वह शेयर का रजिस्ट्रीकृत धारक था सिवाय यह कि उसे उसके शेयर के संबंध में पूर्व में शेयर धारक के रूप में रजिस्ट्रीकृत नहीं किया गया था, वह उसके संबंध में शेयर धारकों की बैठकों में मत देने के अधिकार का उपयोग करने का भी हकदार होगा :

परंतु बोर्ड या कार्यपालक समिति किसी समय ऐसे व्यक्ति को या तो स्वयं को रजिस्ट्रीकृत करने का या शेयर को अंतरित करने का चयन करने की अपेक्षा करने की सूचना दे सकेंगे और यदि साठ दिन के भीतर सूचना का अनुपालन नहीं किया जाता है तो बोर्ड या कार्यपालक समिति तत्पश्चात् शेयर के संबंध में संदेय लाभांशों, बोनस या अन्य धन के संदाय को तब तक विधारित कर सकेंगे जब तक कि या सूचना की अपेक्षाओं का अनुपालन नहीं कर लिया जाता है ।

19. शेयर धारक की मृत्यु, दिवालियापन आदि की दशा में शेयरों का पारेषण (ट्रांसमिशन) (जब कोई नामनिर्देशन नहीं हो)- (1) अनुषंगी बैंक के शेयर के मृतक एकमात्र धारक की संपदा के निष्पादक या प्रशासक या भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 (1925 का 39) के भाग 10 के अधीन ऐसे शेयरों के संबंध में जारी उत्तराधिकार प्रमाणपत्र का धारक या ऐसा व्यक्ति, जिसके पक्ष में ऐसे शेयर के अंतरण का कोई विधिमान्य लिखत ऐसे व्यक्ति द्वारा या मृतक एकमात्र धारक द्वारा उत्तरवर्ती के जीवनकाल के दौरान निष्पादित किया गया था, वह केवल एकमात्र ऐसा व्यक्ति होगा जिसे अनुषंगी बैंक द्वारा मान्यता दी जाएगी जिसके पास मृतक शेयर धारक के शेयर का मालिकाना होगा । दो या अधिक धारकों के नाम में रजिस्ट्रीकृत अनुषंगी बैंक के शेयर की दशा में उत्तरजीवी और अंतिम उत्तरजीवी की मृत्यु की दशा में उसकी संपदा के निष्पादक या प्रशासक या कोई अन्य व्यक्ति, जो शेयर में ऐसे उत्तरजीवी हित के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाणपत्र का धारक है या कोई व्यक्ति, जिसके पक्ष में शेयर के अंतरण का विधिमान्य लिखत उस व्यक्ति द्वारा या ऐसे अंतिम उत्तरजीवी द्वारा पश्चातवर्ती के जीवनकाल में निष्पादित किया गया था, एकमात्र ऐसा व्यक्ति होगा जिसे अनुषंगी बैंक द्वारा ऐसे शेयर के संबंध में कोई मालिकाना हक रखने वाले के रूप में मान्यता दी जा सकेगी । अनुषंगी बैंक ऐसे निष्पादकों या प्रशासकों को मान्यता देने के लिए तब तक बाध्य नहीं होगा जब तक कि उन्होंने, सक्षम अधिकारिता रखने वाले किसी न्यायालय से, यथास्थिति, प्रोबेट या प्रशासन पत्र या अन्य विधिक अभ्यावेदन प्राप्त न कर लिया हो :

परंतु ऐसा होने पर भी कि किसी मामले में, जहां बोर्ड या कार्यपालक समिति अपने स्वविवेकाधिकार के आधार पर ऐसा करना उचित समझती है तो बोर्ड या कार्यपालक समिति द्वारा उत्तराधिकार प्रमाणपत्र, प्रशासन पत्र या ऐसे अन्य विधिक अभ्यावेदनों से ऐसे निबंधनों पर छूट देना जो उसकी क्षतिपूर्ति करे या अन्यथा वह जैसा ठीक समझे, विधिमान्य होगा :

परंतु यह और कि इस उपविनियम में अंतर्विष्ट कोई बात किसी व्यक्ति के अधिकार को प्रभावित नहीं करेगी जो किसी विधिमान्य नामनिर्देशन के लेखे शेयरों का हकदार हो जाता है ।

(2) अधिनियम और इन विनियमों के उपबंधों के अधीन रहते हुए ऐसा कोई व्यक्ति, उपविनियम (1) के अधीन शेयर धारक की मृत्यु के परिणामस्वरूप अनुषंगी बैंक के शेयर का हकदार बनने पर और किसी व्यक्ति के किसी शेयर धारक के दिवालिएपन, शोधन अक्षमता या परिसमापन के परिणामस्वरूप किसी शेयर का हकदार बनने पर ऐसे साक्ष्य को प्रस्तुत करने पर जैसा बोर्ड या कार्यपालक समिति अपेक्षा करे, निम्नलिखित का हकदार होगा—

(क) उसके बोर्ड या कार्यपालक समिति का उस रीति में समाधान करने पर मानो वह विनियम 16 के अधीन प्रस्तावित अंतरिती था कि वह शेयर धारक के रूप में रजिस्ट्रीकरण करने के लिए अर्हित है, को शेयरों के संबंध में शेयर धारक के रूप में रजिस्ट्रीकृत करने का ; या

(ख) शेयर का ऐसा अंतरण करने के लिए जैसे उस व्यक्ति ने जिससे उसे हकदारी व्युत्पन्न हुई थी, ने किया होता ।

20. शेयरधारक का रजिस्ट्रीकरण के लिए अयोग्य होना—अनुषंगी बैंक के शेयरधारक के रूप में रजिस्ट्रीकृत, चाहे अकेले या अन्य के साथ संयुक्त रूप से या अन्य के साथ किसी व्यक्ति का यह कर्तव्य होगा कि किसी शेयर के संबंध में उस रूप में रजिस्ट्रीकृत होने से अयोग्य होने पर तुरंत उसकी बोर्ड या कार्यपालक समिति को सूचना दे ।

21. किसी निर्गम के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण अभिकर्ता—बोर्ड या कार्यपालक समिति साधारण या विशेष निर्देश द्वारा किसी अधिकारी या कंपनी या अभिकरण को विनियम 13 के उपविनियम (3), विनियम 14, विनियम 15 के उपविनियम (3), विनियम 16 के उपविनियम (1), विनियम 18 के उपविनियम (3) और विनियम 19 के उपविनियम (2) में उपवर्णित अपनी शक्तियों को प्रत्यायोजित करने में सक्षम होगी और बोर्ड या कार्यपालक समिति "किसी निर्गम के लिए रजिस्ट्रार" और "शेयर अंतरण अभिकर्ता", जैसा कि सुसंगत भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड विनियमों में परिभाषित किया गया है, नियुक्त करने के लिए भी सक्षम होगी ।

22. जारी पूंजी, समपहरण और शेयरों के पुन:निर्गम के लिए धन स्वीकार करने की रीति—(1) बोर्ड या कार्यपालक समिति शेयरधारकों से उनके द्वारा धृत शेयरों के संबंध में शेष असंदत्त धन की बाबत, चाहे शेयरों के न्यूनतम मूल्य के लेखे या प्रीमियम के माध्यम से, जो आबंटन के लिए शर्त है, जिसका नियत समय पर संदाय नहीं किया गया है के लिए उनके लिए संदाय की सूचना से न्यूनतम चौदह दिन की अवधि की सूचना देकर काल कर सकेगा और प्रत्येक शेयरधारक उस पर की गई प्रत्येक काल के लिए बोर्ड या कार्यपालक समिति द्वारा नियत समय और स्थान पर या ऐसी पश्चात्वर्ती तारीख पर, जो बोर्ड या कार्यपालक समिति द्वारा नियत की जाए, रकम का संदाय करेगा । इसी काल को किस्तों में संदेय किया जा सकेगा और उसे पिछली उस तारीख से संदेय किया जा सकेगा जिस तिथि से बोर्ड या कार्यपालक समिति ने ऐसे काल को प्राधिकृत करने वाला संकल्प पारित किया था :

परंतु ऐसे काल के संदाय के लिए नियत समय से पूर्व बोर्ड या कार्यपालक समिति, शेयरधारक को लिखित सूचना द्वारा संदाय के लिए नियत समय का विस्तार कर सकेगी या काल की सूचना को वापस ले सकेगी ।

(2) यदि किसी काल या किस्त के संबंध में संदेय राशि का भुगतान उसके लिए नियत दिन से पूर्व नहीं किया जाता है तो तत्समय शेयरधारक या शेयर का आबंटिती, जिसकी बाबत कोई काल की गई है या किस्त शोध्य है, उस राशि पर उसके लिए नियत दिन से वास्तविक संदाय के समय तक ऐसी दर पर ब्याज का संदाय करेगा, जो समय-समय पर बोर्ड या कार्यपालक समिति द्वारा नियत की जाए । किंतु बोर्ड या कार्यपालक समिति कारणों को लेखबद्ध करते हुए ऐसे ब्याज के संदाय को पूर्णत: या आंशिक रूप से अधित्यजन (माफ) कर सकेगी ।

(3)(क) यदि कोई शेयरधारक किसी शेयर के संबंध में किसी काल या किस्त या किसी धन का पूर्णत: या आंशिक रूप से या तो मूल या उस पर ब्याज का उसके लिए नियत तारीख तक संदाय करने में असमर्थ रहता है तो अनुषंगी बैंक तत्पश्चात् किसी भी समय यदि काल या किस्त या उनके किसी भाग या पूर्णत: या भागत: असंदत्त अन्य धन के लिए ऐसे शेयरधारकों पर या किसी व्यक्ति (यदि कोई हो), जो अंतरण द्वारा शेयरों का हकदार है, पर समपहरण की सूचना की तामील कर सकेगा, उससे ऐसे काल या किस्त या उनके ऐसे भाग या अन्य धन के लिए, जो किसी ब्याज, जो उन पर शोध्य उद्भूत हुआ हो, के साथ अंसदत्त रहा है, का संदाय करने की अपेक्षा कर सकेगा ।

(ख) समपहृत की सूचना में ऐसी तारीख का कथन होगा, जो सूचना की तारीख से चौदह दिन से अन्यून नहीं होगी, और उस पर उस समय तथा तारीख का कथन होगा, जिसको काल या किस्त या शेष असंदत्त ब्याज का संदाय किया जाना है और संदाय के लिए नियत तारीख तक शोध्य रकम का संदाय न किए जाने की दशा में वे शेयर, जिनके बाबत काल किया गया था और रकम शोध्य थी, समपहरण के दायी होंगे ।

(4) यदि शेयरधारक या कोई अन्य व्यक्ति, जिस पर प्रतिसंहृण की सूचना की तामील की गई है, उसका अनुपालन करने में असफल रहता है तो वह शेयर, जिनकी बाबत समपहरण की सूचना दी गई थी, संदाय के लिए नियत तारीख के पश्चात् किसी भी समय बोर्ड या कार्यपालक समिति के संकल्प द्वारा प्रतिसंहृत किए जा सकेंगे और ऐसे समपहरण में समपहृत शेयरों के संबंध में सभी असंदत्त लाभांश शामिल होंगे ।

(5) इस प्रकार समपहृत किसी भी शेयर को अनुषंगी बैंक की परिसंपत्ति समझा जाएगा और उसका विक्रय, पुन:आबंटन या अन्यथा किसी व्यक्ति को ऐसे शर्तों पर और ऐसी रीति में, जैसा बोर्ड या कार्यपालक समिति द्वारा विनिश्चय किया जाए, निपटान किया जा सकेगा ।

(6) अनुषंगी बैंक, शेयर की बिक्री, पुन:आबंटन या उसके अन्यथा निपटान के लिए प्रतिफल, यदि कोई हो, को प्राप्त कर सकेगा और वह व्यक्ति, जिसको ऐसे शेयर का विक्रय किया गया है, पुन: आबंटन किया गया है या निपटान किया गया है, शेयर के धारक के रूप में रजिस्ट्रीकृत किया जा सकेगा और प्रतिफल, यदि कोई हो, को लागू करने को देखने के लिए आबद्ध नहीं होगा, न ही उसका शेयर पर मालिकाना हक समपहरण, विक्रय, पुन:आबंटन या शेयर के अन्यथा निपटान के संदर्भ में किसी अनियमितता या अविधिमान्यता द्वारा प्रभावित होगा और विक्रय से व्यथित किसी व्यक्ति का नुकसानों के रूप में उपचार केवल और अनन्य रूप से अनुषंगी बैंक के विरुद्ध होगा ।

(7) बोर्ड या कार्यपालक समिति, किसी भी समय उपनियम (4) के अधीन इस प्रकार प्रतिसंहृत (फॉरफीचर) शेयर का विक्रय, पुन:आबंटन या अन्यथा निपटान किए जाने से पूर्व उसके प्रतिसंहृत किए जाने को ऐसी शर्तों पर, जो वह ठीक समझे, निष्प्रभावी कर सकेगी ।

(8) कोई शेयरधारक, जिसके शेयरों को प्रतिसंहृत कर दिया गया है, समपहरण (फॉरफीचर) के होते हुए भी संदाय करने का दायी होगा और तुरंत अनुषंगी बैंक को सभी कालों, किस्तों, व्ययों और अन्य धन का, जो ऐसे शेयरों की बाबत समपहरण के समय देय है, उन पर समपहरण के समय से ऐसी दर पर, जो बोर्ड या कार्यपालक समिति द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए, संदाय करेगा तथा बोर्ड या कार्यपालक समिति संपूर्ण या उसके किसी भाग के संदाय को प्रवृत्त कर सकेगी ।

(9) अनुषंगी बैंक के पक्ष में न तो कालों या किसी शेयर के संबंध में शोध्य धन के लिए कोई निर्णय या डिक्री, न ही उनका कोई संदाय या पूरा किया जाना, न ही अनुषंगी बैंक द्वारा किसी धन के किसी भाग की प्राप्ति, जो किसी शेयरधारक से किन्हीं शेयरों के संबंध में मूल या ब्याज के रूप में समय-समय पर शोध्य है, न ही अनुषंगी बैंक द्वारा किसी धन के संदाय के संबंध में अनुदत्त कोई अनुग्रह इन विनियमों के अधीन ऐसे शेयरों के प्रतिसंहृण को नहीं रोकेगा।

(10) अनुषंगी बैंक द्वारा लिखित में सम्यकत: प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाणपत्र कि शेयरों का समपहरण बोर्ड या कार्यपालक समिति द्वारा उस प्रभाव के किए गए संकल्प द्वारा किया गया था, ऐसे शेयरों के हकदार सभी व्यक्तियों के विरुद्ध उस तथ्य का निश्चायक साक्ष्य होगा ।

(11) जब उप-विनियम (4) के अधीन किसी शेयर का समपहरण कर लिया जाता है, तारीख सहित रजिस्टर में उसके प्रतिसंहृण की प्रविष्टि की जाएगी ।

(12) किसी शेयर का समपहरण, समपहरण के समय उसमें सभी हित और अनुषंगी बैंक के विरुद्ध सभी दावों और मांगों का उस शेयर की बाबत तथा उस शेयर से अनुषंगी सभी अधिकारों का सिवाय केवल उन अधिकारों का, जिनका इन विनियमों द्वारा स्पष्ट रूप से अधित्यजन (माफ) कर दिया गया है, उन्मूलन कर देगा ।

(13) उप-विनियमों के अनुसार समपहृत शेयरों की बिक्री, पुन:निर्गम या अन्य निपटान पर संबंधित शेयरों के संबंध में मूलत: जारी प्रमाणपत्र (सिवाय तब जब बैंक द्वारा उनकी मांग किए जाने पर पूर्व में ही व्यतिक्रमी शेयरधारक द्वारा उनका अभ्यर्पण कर दिया गया है) रद्द हो जाएगा तथा अकृत और शून्य हो जाएगा तथा अप्रभावी हो जाएगा ।

(14) बोर्ड या कार्यपालक समिति, उक्त शेयरों के संबंध में उनके हकदार व्यक्ति या व्यक्तियों को नए प्रमाणपत्र जारी करने की पात्र होगी ।

(15) शेयर के संयुक्त धारक संयुक्त रूप से और पृथक् रूप से उसके संबंध में सभी कालों का संदाय करने के दायी होंगे ।

(16) इन विनियमों के अन्य उपबंधों की शर्त के अधीन रहते हुए, कोई शेयरधारक कोई लाभांश प्राप्त करने या किसी शेयरधारक के अधिकार का उपयोग करने का तब तक पात्र नहीं होगा, जब तक उसने उसके द्वारा चाहे एकमात्र रूप से या किसी अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर धृत शेयरों की बाबत तत्समय देय और संदेय सभी कालों का, यथा उद्गृहीत या प्रभारित ब्याज और व्ययों के साथ, संदाय न कर दिया हो ।

(17) यदि किसी शेयर के निर्गम के निबंधनों या अन्यथा किसी नियत समय कोई रकम या नियत समय पर किस्तों द्वारा कोई रकम संदेय है तो प्रत्येक ऐसी रकम या किस्त ऐसे संदेय होगी मानो ये बोर्ड या कार्यपालक समिति द्वारा सम्यक्त की गई काल थी और जिसकी सम्यक् सूचना दी गई थी तथा इसमें अंतर्विष्ट कालों के संबंध में सभी उपबंध ऐसी रकम या किस्त को तदनुसार लागू होंगे ।

(18) (क) अनुषंगी बैंक का निम्नलिखित पर प्रथम और सर्वोपरि धारणाधिकार होगा--

(i) प्रत्येक शेयर पर (जो पूर्णत: संदत्त शेयर नहीं है), सभी काल किए गए या किसी नियत समय पर उस शेयर के संबंध में संदेय धन पर (चाहे संदेय है या नहीं) ;

(ii) सभी शेयरों पर (जो पूर्णत: संदत्त शेयर नहीं है), जो किसी एकमात्र व्यक्ति के नाम रजिस्ट्रीकृत हैं, उसके द्वारा या उसकी संपदा द्वारा अनुषंगी बैंक को संदेय सभी धन ;

(iii) प्रत्येक व्यक्ति के नाम रजिस्ट्रीकृत (चाहे एकमात्र रूप में या अन्य के साथ संयुक्त रूप में) सभी शेयरों पर (जो पूर्णत: संदत्त शेयर नहीं है), उसके अकेले या अन्य व्यक्ति के साथ अनुषंगी बैंक के उधारों, दायित्वों और नियोजनों के लिए, चाहे संदाय, पूरा करने या उनके उन्मोचन की अवधि वास्तव में आ गई हो या नहीं और किसी शेयर में कोई साम्यापूर्ण ब्याज को अनुषंगी बैंक द्वारा उसके धारणाधिकार पर मान्यता दी जाएगी :

परंतु बोर्ड या कार्यपालक समिति किसी भी समय किसी शेयर को इस खंड के उपबंधों के भागत: या पूर्णत: छूट प्रदान किया गया घोषित कर सकेगी ।

(ख) अनुषंगी बैंक का किसी शेयर पर धारणाधिकार, यदि कोई हो, का उस पर संदेय सभी लाभांशों पर विस्तार किया जाएगा ।

(19)(क) अनुषंगी बैंक जिन पर बैंक का धारणाधिकार है, का ऐसी रीति में विक्रय कर सकेगा जैसा बोर्ड या कार्यपालक समिति उपयुक्त समझे :-

(i) यदि कोई राशि जिसके संबंध में धारणाधिकार विद्यमान है, संदेय है ; और

(ii) लिखत में तत्समय शेयर के रजिस्ट्रीकृत धारक को या उसकी मृत्यु या दिवालियापन के कारण हकदार व्यक्ति को सूचना की समाप्ति के 14 दिन के पश्चात्, जिसमें यह कथन किया गया है कि रकम के उस भाग के संदाय की मांग की गई है, जिसके संबंध में धारणाधिकार विद्यमान है और संदेय है ।

(ख) यथा उपरोक्त किसी विक्रय को प्रभावी करने के लिए बोर्ड या कार्यपालक समिति किसी अधिकारी को शेयरों के क्रेता को विक्रय किए गए शेयरों का अंतरण करने के लिए प्राधिकृत कर सकेगी ।

(20) उपविनियम (19) के अधीन शेयरों की किसी बिक्री से ऐसी बिक्री की लागत को घटाकर शुद्ध आगत को उस ऋण या दायित्व को चुकाने के लिए उपायोजित किया जाएगा जिसकी बाबत धारणाधिकार को जहां तक वह संदेय है, प्रवृत्त किया गया था और शेष, यदि कोई हों, का संदाय शेयरधारक या व्यक्ति को, यदि कोई है, जो इस प्रकार विक्रय किए गए शेयरों के पारेषण द्वारा हकदार है, किया जाएगा ।

(21)(क) अनुषंगी बैंक किसी शेयरधारक को या तो व्यक्तिगत रूप से या उसके रजिस्ट्रीकृत पते पर साधारण डाक से या उसका भारत में कोई रजिस्ट्रीकृत पता नहीं है, तो उसके द्वारा अनुषंगी बैंक को भारत में दिए गए पते, यदि कोई है, पर किसी सूचना की तामील कर सकेगा ।

(ख) जब कोई दस्तावेज या सूचना डाक द्वारा भेजी जाती है, तो ऐसे दस्तावेज या सूचना की तामील दस्तावेज या सूचना अंतर्विष्ट करने वाले पत्र को उचित रूप से पता लिखकर, पूर्व भुगतान करके और डाक में डालकर किया गया मान लिया जाएगा :

परंतु जब किसी शेयरधारक द्वारा अनुषंगी बैंक को अग्रिम में यह संसूचित किया गया है कि दस्तावेज उसे रजिस्ट्रीकृत डाक से, अभिस्वीकृति के साथ या उसके बिना कुरियर सेवा या इलैक्ट्रानिकी ढंग से भेजे जाए और उसने अनुषंगी बैंक के पास ऐसा करने के व्ययों को चुकाने के लिए पर्याप्त राशि जमा कर दी है, दस्तावेज या सूचना की तामील तब तक की गई नहीं मानी जाएगी जब तक कि वह शेयरधारक द्वारा संसूचित रीति से न भेजे जाएं :

परंतु यह और कि डाक द्वारा भेजी गई किसी सूचना की तामील को उस दिन से तीसरे दिन किया गया मान लिया जाएगा जिसको उसे अंतर्विष्ट करने वाला लिफाफा या रैपर डाक में डाला गया है और जिसकी तामील के सबूत के रूप में यह साबित करना पर्याप्त होगा कि सूचना को अंतर्विष्ट करने वाला लिफाफा या रैपर पर समुचित रूप से पता लिखा गया था, पूर्व संदत्त था और डाकघर में दिया गया था और अनुषंगी बैंक के किसी कर्मचारी द्वारा लिखत में हस्ताक्षरित प्रमाणपत्र की सूचना को अंतर्विष्ट करने वाला लिफाफा या रैपर उपयुक्त रूप से पता लिखा गया था, पूर्व संदत्त था और डाक में डाला गया था और किसी अन्य मामले में उस समय, जिसको पत्र साधारण प्रक्रम में परिदत्त किया गया होता, उसकी तामील का निश्चायक साक्ष्य होगा ।

(ग) किसी समाचार-पत्र, जिसका भारत में व्यापक परिचालन है, में विज्ञापित कोई सूचना या दस्तावेज की उस तारीख को, जिसको विज्ञापन उपसंजात होता है, की अनुषंगी बैंक के प्रत्येक शेयरधारक को, जिसका भारत में कोई रजिस्ट्रीकृत पता नहीं है और जिसने उसे सूचना देने के लिए अनुषंगी बैंक को भारत में कोई पता नहीं दिया है, सम्यकता तामील की गई मानी जाएगी ;

(घ) अनुषंगी बैंक द्वारा किसी संयुक्त शेयरधारक को सूचना या दस्तावेज की तामील किसी शेयर के संबंध में रजिस्टर में प्रथम नामित संयुक्त शेयरधारक को तामील करके की जा सकेगी और इस प्रकार दी गई सूचना उक्त शेयरों के सभी शेयरधारकों को पर्याप्त सूचना होगी ;

(ङ) अनुषंगी बैंक द्वारा किसी सूचना या दस्तावेज की तामील किसी शेयर के किसी शेयरधारक की मृत्यु या उसके दिवालियेपन के परिणामस्वरूप हकदार व्यक्तियों को उसे उसको नाम द्वारा संबोधित पूर्व संदत्त डाक या मृतक के प्रतिनिधियों के पदनाम या दिवालियों के समनुदेशियों या ऐसे ही किसी विवरण द्वारा इस प्रकार हकदारी का दावा करने वाले व्यक्तियों द्वारा इस प्रयोजन के लिए दिए गए भारत में किसी पते, यदि कोई हो, पर की जाएगी या जब तक ऐसा पता न दिया गया हो, दस्तावेज की किसी ऐसी रीति में जिसके द्वारा यदि मृत्यु या दिवालियापन नहीं हुआ होता, उसकी तामील की जाती ;

(च) अनुषंगी बैंक द्वारा दी जाने वाली सूचना में हस्ताक्षर लिखत या मुद्रित हो सकेंगे ।

अध्याय 3

इलेक्ट्रानिकी प्ररूप में शेयर रजिस्टर का अनुरक्षण और कंप्यूटर आदि में शेयरधारकों के रजिस्टर का अनुरक्षण करने के लिए सुरक्षोपाय

23. इलेक्ट्रानिकी प्ररूप आदि में शेयर रजिस्टर का अनुरक्षण—इन विनियमों के अध्याय 2 में वर्णित के साथ पठित अधिनियम की धारा 21 के अधीन शेयर रजिस्टर में दर्ज किए जाने के लिए अपेक्षित विशिष्टियों का कंप्यूटर में मैगनेटिक या आप्टिकल या मैगनेटो-आप्टिकल मीडिया में डिस्के, फ्लापी, कार्टरेज या अन्यथा (जिसे इसमें इसके पश्चात् इस अध्याय में "मीडिया" कहा गया है) ऐसे अवस्थानों पर जिनका समय-समय पर प्रबंध निदेशक या इस निमित्त प्रबंध निदेशक के निमित्त कम से कम महाप्रबंधक की रैंक के विनिर्दिष्ट अन्य अधिकारी (जिसे इसमें इसके पश्चात् "पदनामित अधिकारी" कहा गया है) द्वारा विनिश्चय किया जाए, अनुरक्षण किया जाएगा ।

24. कंप्यूटर प्रणालियों के संरक्षण के लिए सुरक्षोपाय—(1) विनियम 23 में उपवर्णित प्रणाली, जिसमें डाटा का भंडारण किया जाएगा, तक पहुंच ऐसे व्यक्तियों तक निर्बंधित होंगी जैसा इस निमित्त प्रबंध निदेशक या नामनिर्दिष्ट अधिकारी द्वारा प्राधिकृत किया जाए और पासवर्ड, यदि कोई हों, और/या इलेक्ट्रानिकी सुरक्षा नियंत्रण प्रणालियों को उक्त व्यक्तियों की अभिरक्षा के अधीन गोपनीय रखा जाएगा ।

(2) प्राधिकृत व्यक्तियों द्वारा पहुंच को कंप्यूटर प्रणाली द्वारा लॉग में अभिलिखित किया जाएगा और ऐसे लॉग को प्रबंध निदेशक या नामनिर्दिष्ट अधिकारी द्वारा इस निमित्त पदनामित कार्मिकों या व्यक्तियों के पास परिरक्षित रखा जाएगा ।

(3) प्रबंध निदेशक या पदनामित कार्मिक द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट अंतरालों पर हटाए जा सकने वाले मीडिया में बैकअप की कापी ली जाएगी इसमें शेयरधारकों के रजिस्टर में किए गए परिवर्तनों को भी शामिल किया जाएगा । कम से कम इनमें से एक कापी को ताला

लगाने के प्रबंध के साथ अग्निरोधी वातावरण में और अपेक्षित तापमान पर भंडारित किया जाएगा । दोनों स्थानों पर बैकअप तक पहुंच इस निमित्त प्रबंध निदेशक या नामनिर्दिष्ट कार्मिक द्वारा प्राधिकृत व्यक्तियों तक निर्बंधित होगी । इस प्रकार प्राधिकृत व्यक्ति उस अवस्थान पर रखे गए मैनुअल रजिस्टर में पहुंच को अभिलिखित करेंगे ।

(4) प्राधिकृत व्यक्तियों का यह कर्तव्य होगा कि वह बैकअप में डाटा की तुलना कंप्यूटर प्रणाली में डाटा के साथ उपयुक्त साफ्टवेयर का उपयोग करते हुए करें, जिससे बैकअप की शुद्धता का सुनिश्चय हो सके । इस प्रक्रिया के परिणाम को इस प्रयोजन के लिए रखे गए रजिस्टर में अभिलिखित किया जाएगा ।

25. अन्य सुरक्षोपाय करने की प्रबंध निदेशक की शक्तियां—विशेष या साधारण आदेश द्वारा प्रबंध निदेशक के लिए यह सक्षम होगा कि वह प्रौद्योगिकी में उन्नति को ध्यान में रखते हुए और/या परिस्थिति की मांग या किसी अन्य सुसंगत विचारण को ध्यान में रखते हुए कंप्यूटर प्रणाली में शेयरधारकों के रजिस्टर का अनुरक्षण करने के लिए अनुपालन किए जाने वाले सुरक्षापायों के संबंध में अनुदेशों, अनुबंधों में वर्धन या उपांतरण (माडिफाइ) करे।

अध्याय 4

शेयरधारकों की बैठकें

26. साधारण बैठक बुलाने की सूचना—अधिनियम की धारा 44 की उपधारा (3) के उपबंधों के अधीन रहते हुए—

(क) अनुषंगी बैंक के अध्यक्ष या प्रबंध निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित अनुषंगी बैंक के शेयरधारकों की बैठक बुलाने की सूचना बैठक की तारीख से न्यूनतम 28 दिन पूर्व भारत में व्यापक परिचालन रखने वाले कम से कम दो दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाएगी ।

(ख) ऐसी प्रत्येक सूचना में ऐसी बैठक का समय, तारीख और अवस्थान तथा उस बैठक में संव्यवहार किए जाने वाले कारबार का भी कथन होगा ।

27. विशेष साधारण बैठक—(1) बोर्ड किसी भी समय और यदि उसे या तो स्टेट बैंक या अन्य शेयरधारण करने वाले शेयरधारकों, जो सभी शेयरधारकों के कुल मत अधिकारों का न्यूनतम 20 प्रतिशत रखते हैं, से ऐसी बैठक को बुलाने का अनुरोध प्राप्त होता है, तो शेयरधारकों की विशेष साधारण बैठक का बुला सकते हैं या बुलायी जा सकती है।

(2) उपविनियम (1) में निर्दिष्ट अनुरोध उस प्रयोजन का कथन करेगी जिसके लिए विशेष साधारण बैठक बुलाई जानी है और उसमें उसी तरह के अनेक दस्तावेज हो सकेंगे, जिन पर प्रत्येक पर एक या अधिक अनुरोधकर्ताओं के हस्ताक्षर होंगे ।

(3) साधारण बैठक का समय, तारीख और अवस्थान का विनिश्चय बोर्ड द्वारा किया जाएगा :

परंतु अनुरोध पर बुलाई गई विशेष साधारण बैठक, अनुरोध की प्राप्ति के 45 दिन के बाद नहीं बुलाई जाएगी ।

28. साधारण बैठकों में कारबार—(1) अधिनियम की धारा 44 की उपधारा (2) में विनिर्दिष्ट से भिन्न कारबार का वार्षिक साधारण बैठक में संव्यवहार या उस पर चर्चा अध्यक्ष या बैठक की अध्यक्षता करने वाले अन्य व्यक्ति की सहमति से नहीं की जाएगी, जब तक कि उसके लिए न्यूनतम छह सप्ताह की सूचना अनुषंगी बैंक के अध्यक्ष या प्रबंध निदेशक को या तो स्टेट बैंक द्वारा या बैठक में मत देने के लिए योग्य कम से कम दस अन्य शेयरधारकों द्वारा न दी गई हो । ऐसी सूचना बैठक में रखे जाने के लिए निश्चित संकल्प का रूप लेगी और उसे बैठक की सूचना में शामिल किया जाएगा ।

(2) अध्यक्ष या बैठक की अध्यक्षता करने वाले अन्य व्यक्ति की सहमति के सिवाय किसी विशेष साधारण बैठक में किसी कारबार का संव्यवहार या चर्चा सिवाय उस कारबार के जिसके लिए विनिर्दिष्ट रूप से बैठक बुलाई गई है, नहीं की जाएगी ।

29. साधारण बैठकों में गणपूर्ति—शेयरधारकों की किसी बैठक में चाहे वह वार्षिक साधारण बैठक या कोई विशेष साधारण बैठक हो, किसी कारबार का तब तक संव्यवहार नहीं किया जाएगा जब तक कि स्टेट बैंक का किसी प्रॉक्सी द्वारा प्रतिनिधित्व करने वाले या सम्यकता प्राधिकृत पांच प्रतिनिधि और ऐसी बैठक में मत का हक रखने वाले चार अन्य शेयरधारक व्यक्तिगत रूप से या प्रॉक्सी द्वारा या सम्यकता प्राधिकृत प्रतिनिधि ऐसा कारबार प्रारंभ होने पर उपस्थित न हों और बैठक के लिए नियत समय से पन्द्रह मिनट के भीतर, यदि गणपूर्ति उपस्थित नहीं होती है तो अध्यक्ष या साधारण बैठक की अध्यक्षता करने वाला अन्य व्यक्ति बैठक को भंग कर सकता है या अगले सप्ताह उसी दिन के लिए उसी समय और अवस्थान के लिए स्थगित कर सकता है और यदि ऐसी अस्थगित बैठक में गणपूर्ति नहीं होती है तो शेयरधारक, जो व्यक्तिगत रूप से उपस्थित है या प्रॉक्सी द्वारा या सम्यकता प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित है, गणपूर्ति होंगे :

परंतु किसी वार्षिक साधारण बैठक को उस तारीख से पश्चातवर्ती तारीख के लिए अस्थगित नहीं किया जाएगा जिसके भीतर अधिनियम की धारा 44 की उपधारा (1) के परंतुक के निबंधनों में ऐसी साधारण बैठक आयोजित की जाएगी और यदि पश्चातवर्ती सप्ताह में उसी दिन बैठक के स्थगन का वहीं प्रभाव होता है तो साधारण बैठक को अस्थगित नहीं किया जाएगा किंतु बैठक के कारबार को या तो यथाशीघ्र बैठक के लिए नियत समय से एक घंटें के भीतर जैसा कि गणपूर्ति होती है, या उस समय से एक घंटें के अवसान के तुरंत पश्चात् आरंभ कर दिया जाएगा और वह शेयरधारक, जो व्यक्तिगत रूप से या प्रॉक्सी द्वारा या सम्यकता प्राधिकृत प्रतिनिधियों के माध्यम से उस समय उपस्थित है, गणपूर्ति होंगे ।

30. साधारण बैठक में अध्यक्ष—(1) अध्यक्ष या उसकी अनुपस्थिति में कोई एक निदेशक, जो साधारणतया या किसी विशिष्ट बैठक के संबंध में इस निमित्त अध्यक्ष द्वारा प्राधिकृत किया जाए, साधारण बैठक की अध्यक्षता करेगा और अध्यक्ष तथा इस प्रकार प्राधिकृत उस व्यक्ति की अनुपस्थिति में शेयरधारक, जो व्यक्तिगत रूप से या प्रॉक्सी द्वारा या सम्यकता प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा बैठक में उपस्थित है, किसी अन्य निदेशक को बैठक के अध्यक्ष के रूप में चुन सकेंगे।

(2) साधारण बैठक का अध्यक्ष, साधारण बैठक में प्रक्रिया को विनियमित करेगा और विशेषता उसे उस क्रम का विनिश्चय करने की, जिसमें शेयरधारक बैठक को संबोधित करेंगे, संबोधनों के लिए समय-सीमा नियत करने की, जब उसके मत में किसी विषय पर पर्याप्त विचार-विमर्श हो गया है, को बंद करने की और बैठक को स्थगित करने की शक्ति होगी।

31. साधारण बैठक में उपस्थित होने के हकदार व्यक्ति—(1) सभी निदेशक तत्समय लेखापरीक्षक और सभी शेयरधारक उपविनियम (2) के उपबंधों के अधीन रहते हुए अनुषंगी बैंक की किसी साधारण बैठक में उपस्थित होने के हकदार होंगे।

(2) कोई शेयरधारक (स्टेट बैंक या अनुषंगी बैंक के निदेशक से भिन्न), जो साधारण बैठक में उपस्थित हो रहे हैं, से पहचान के प्रयोजन और उनके मत देने के अधिकारों का अवधारण करने के लिए अनुषंगी बैंक को प्रबंध निदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट प्ररूप, जिसमें निम्नलिखित विशिष्टियां होंगी, पर हस्ताक्षर करने और उसका परिदान करने की अपेक्षा होगी :

(क) उसका पूरा नाम और रजिस्ट्रीकृत पता ;

(ख) उसके शेयरों की भिन्न संख्या ;

(ग) क्या वह मत देने का हकदार है और मतों की संख्या, जिनके लिए वह व्यक्तिगत रूप से या प्रॉक्सी के रूप में या सम्यकता प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में मत देने का हकदार है।

32. साधारण बैठकों में मत देना—(1) अधिनियम की धारा 31 में अन्यथा उपबंधित के सिवाय अनुषंगी बैंक की साधारण बैठक में प्रस्तुत प्रत्येक विषय का विनिश्चय मतों के बहुमत द्वारा किया जाएगा।

(2) अनुषंगी बैंक की साधारण बैठक में अध्यक्ष की घोषणा का कोई संकल्प पारित किया गया है या अस्वीकार किया गया है, की हाथ उठाकर उपस्थित शेयरधारकों द्वारा, जो संकल्प पर मत देने के हकदार हैं, निश्चायक होगी और ऐसे संकल्प के पक्ष में या उसके विरुद्ध अभिलिखित मतों के समानुपात के सबूत के बिना अनुषंगी बैंक की कार्यवाहियों की पुस्तिका में इस प्रभाव की एक प्रविष्टि इस तथ्य का पर्याप्त साक्ष्य होगी, सिवाय तब जब ऐसी घोषणा के तुरंत पश्चात् स्टेट बैंक के निमित्त या ऐसी बैठक में उपस्थित और मत देने के हकदार कम से कम चार अन्य शेयरधारकों द्वारा लिखित में मतदान की मांग न की जाए :

परंतु साधारण बैठक का अध्यक्ष स्वयं किसी संकल्प पर विचारण के समय या हाथ उठाकर परिणाम की घोषणा से किसी भी समय-पूर्व हाथ उठाकर मतदान करने के स्थान पर मतदान का आदेश करने का हकदार होगा।

(3) यदि किसी मतदान की सम्यकता मांग की जाए या आदेश किया जाए तो या तुरंत किया जाएगा अथवा ऐसे समय और स्थान पर खुले मतदान द्वारा या मतपत्र द्वारा, जैसा कि बैठक का अध्यक्ष निदेश करें, किया जाएगा और मतदान के परिणाम को उस बैठक का संकल्प समझा जाएगा, जिसमें मतदान की मांग की गई थी। ऐसे मतदान में मतदान या तो व्यक्तिगत रूप से या प्रॉक्सी द्वारा या सम्यकता प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा और शेयरधारक विनियम 36 में निर्दिष्ट मतदान अधिकारों का उपयोग करने के हकदार होंगे।

(4) किसी व्यक्ति की मत देने की योग्यता और किसी मतदान की दशा में किसी व्यक्ति द्वारा मतों की संख्या, जिनका उपयोग करने के लिए वह सक्षम है, के संबंध में बैठक के अध्यक्ष का विनिश्चय अंतिम होगा।

33. साधारण बैठकों के कार्यवृत्त—(1) अनुषंगी बैंक साधारण बैठक की सभी कार्यवाहियों के कार्यवृत्त को उस प्रयोजन के लिए रखी गई पुस्तिकाओं में दर्ज करवाएंगा।

(2) ऐसे कोई कार्यवृत्त, जिन पर उस बैठक, जिसमें कार्यवाहियां की गई थी, के अध्यक्ष द्वारा या अगली उत्तरवर्ती बैठक के अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षर करना तात्पर्यित है, कार्यवाहियों का साक्ष्य होंगे।

(3) जब तक कि अन्यथा न साबित किया जाए, प्रत्येक साधारण बैठक, जिसकी कार्यवाहियों के संबंध में इस प्रकार कार्यवृत्त तैयार किया गया है, को सम्यकता बुलाया गया और आयोजित किया गया समझा जाएगा और उसमें की गई सभी कार्यवाहियों को सम्यकता आयोजित किया गया समझा जाएगा।

अध्याय 5

शेयरधारकों का मतदान का अधिकार

34. मत देने के अधिकारों का अवधारण—(1) अधिनियम की धारा 19 में अंतर्विष्ट उपबंधों के अधीन रहते हुए अनुषंगी बैंक का प्रत्येक शेयरधारक, जो अनुषंगी बैंक की साधारण बैठक की तारीख से तीन मास पूर्व से अधिक अवधि से शेयरधारक के रूप में रजिस्ट्रीकृत किया गया है, बैठक के समक्ष रखे जाने वाले प्रत्येक संकल्प पर मत देने का हकदार होगा।

(2) यथा पूर्वोक्त मत देने का हकदार प्रत्येक शेयरधारक, जो कंपनी है, व्यक्तिगत रूप से या प्रॉक्सी के माध्यम से उपस्थित है या जो कंपनी के रूप में सम्यकता प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से या प्रॉक्सी के माध्यम से उपस्थित है, हाथ उठाने के माध्यम से उसका एक मत होगा और मतदान की दशा में उसके द्वारा धृत प्रत्येक शेयर के लिए उसका एक मत होगा।

35. सम्यकता प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा मत देना—(1) अनुषंगी बैंक का कोई शेयरधारक, जो कंपनी है, संकल्प द्वारा या मुख्तारनामे के माध्यम से अपने किसी भी कार्मिक को या किसी अन्य व्यक्ति को अनुषंगी बैंक के शेयरधारकों की साधारण बैठक में उसके प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत कर सकेगा और इस प्रकार प्राधिकृत व्यक्ति (जिसे इन विनियमों में "सम्यकता प्राधिकृत प्रतिनिधि" के रूप में निर्दिष्ट किया गया है) कंपनी, जिसका वह प्रतिनिधित्व कर रहा है, की ओर से उन्हीं शक्तियों का निर्वहन करने का हकदार होगा मानो वह अनुषंगी बैंक का व्यष्टिक (इंडिविजुअल) शेयरधारक था। इस प्रकार दिया गया प्राधिकरण वैकल्पिक रूप से दो व्यक्तियों के पक्ष में हो सकेगा और इस दशा में ऐसे व्यक्तियों में से कोई एक किंतु दोनों नहीं, कंपनी के सम्यकता प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर सकेगा।

(2) इस विनियम के अधीन दिए गए प्राधिकरण के अनुसरण में किसी व्यक्ति को प्रॉक्सी नहीं समझा जाएगा।

(3) कंपनी के सम्यकता प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में अनुषंगी बैंक के शेयरधारकों की किसी बैठक में कोई व्यक्ति तब तक उपस्थित नहीं हो सकेगा या मतदान नहीं कर सकेगा, जब तक कि बैठक के लिए नियत तारीख से चार स्पष्ट कार्यदिवसों से पूर्व—

(क) उसे सम्यकता प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने वाले संकल्प की एक प्रति, जिसे उस बैठक की अध्यक्षता करने वाले व्यक्ति द्वारा, जिसमें वह संकल्प पारित किया गया था या मुख्य कार्यपालक अधिकारी या कंपनी सचिव या किसी निदेशक या सम्यकता प्राधिकृत प्रतिनिधि से भिन्न कंपनी के सम्यकता प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा सत्यापित सही प्रति जमा न कर दी गई हो ; या

(ख) मुख्तारनामे को कार्य समय के दौरान अनुषंगी बैंक के मुख्यालय में रजिस्ट्रीकृत कर दिया गया हो।

(4) यथापूर्वोक्त रूप में संकल्प की प्रमाणित प्रति को जमा करने के पश्चात् किसी सम्यकता प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति उस बैठक के लिए, जिसके लिए वह की गई थी, अप्रतिसंह्रणीय होगी और वह कंपनी द्वारा ऐसी बैठक के लिए पूर्व में दी गई किसी प्रॉक्सी को प्रतिसंह्रत (फॉरफिचर) कर देगी।

36. सम्यकता प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा किए जाने वाले मतदान द्वारा प्रॉक्सी द्वारा किए जाने वाले मतदान को प्रतिबाधित करना— अनुषंगी बैंक का कोई शेयरधारक, जो कंपनी है, तब तक प्रॉक्सी द्वारा मत नहीं देगा जब तक अनुषंगी बैंक की किसी साधारण बैठक में विनियम 35 में निर्दिष्ट संकल्प या दिया गया मुख्तारनामा उसके किन्हीं कार्मिकों या अन्य व्यक्ति को उसके सम्यकता प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत नहीं किया जाता हो।

37. प्रॉक्सी—(1) प्रॉक्सी का कोई विलेख तब तक विधिमान्य नहीं होगा जब तक कि किसी व्यष्टिक शेयरधारक की दशा में या उसके द्वारा या सम्यकता प्राधिकृत अटार्नी द्वारा लिखित में या संयुक्त धारकों की दशा में उस पर शेयर रजिस्टर में प्रथमत: नामित शेयरधारक द्वारा यह लिखित में सम्यकता प्राधिकृत उसके अटार्नी द्वारा उस पर हस्ताक्षर न किए जाएं या कंपनी की दशा में वह सामान्य मुद्रा, यदि कोई हो, के अधीन निष्पादित नहीं हो या सम्यकता लिखित में प्राधिकृत अटार्नी द्वारा हस्ताक्षरित न हो :

परंतु प्रॉक्सी के किसी लिखत को पर्याप्त रूप से किसी शेयरधारक द्वारा हस्ताक्षरित माना जाएगा जो किसी भी कारण से अपना नाम लिखने में असमर्थ है, यदि उस पर उसके चिन्ह को लगाया गया है और उसे किसी न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट, एशुरेंस के रजिस्ट्रार या उप-रजिस्ट्रार या अन्य सरकारी राजपत्रित अधिकारी या स्टेट बैंक या अनुषंगी बैंक के किसी अधिकारी द्वारा सत्यापित किया गया है।

(2) किसी व्यक्ति को तब तक प्रॉक्सी के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक वह साधारण बैठक में किसी प्रॉक्सी से भिन्न अन्यथा भाग लेने के लिए हकदार है, परंतु यह उपविनियम किसी कंपनी द्वारा नियुक्ति प्रॉक्सी को लागू नहीं होगा।

(3) कोई प्रॉक्सी तब तक विधिमान्य नहीं होगी जब तक कि उस पर सम्यकता तारीख और स्टाम्प न हो और तब तक भी जब तक कि उसके साथ मुख्तारनामा या अन्य प्राधिकार (यदि कोई है) न हों, जिनके अधीन वह हस्ताक्षरित है, या उस प्राधिकार की शक्ति की प्रति किसी नोटरी पब्लिक या मजिस्ट्रेट द्वारा प्रमाणित न हो या मुख्तारनामे की दशा में, जिसे पूर्व में अनुषंगी बैंक के मुख्यालय में जमा और रजिस्ट्रीकृत किया गया था को अनुषंगी बैंक के प्रबंध निदेशक या इस निमित्त प्रबंध निदेशक द्वारा अनुषंगी बैंक के प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा सत्यापित किया गया है, को कार्य समय के दौरान अनुषंगी बैंक के मुख्यालय में बैठक के लिए नियत तारीख से चार स्पष्ट दिन पूर्व जमा नहीं कर दिया गया है।

(4) प्रॉक्सी का कोई लिखत तब तक विधिमान्य नहीं होगा जब तक कि उसे मूल रूप में इन विनियमों की अनुसूची 1 के प्ररूप ग में जमा नहीं कर दिया गया है।

(5) इस प्रकार जमा किया गया प्रॉक्सी का लिखत समपहरण होगा—

(i) जब तक कि प्रॉक्सियों को जमा करने के अंतिम दिन को या उससे पूर्व अनुषंगी बैंक के मुख्यालय में अनुदत्तकर्ता के हस्ताक्षर या सामान्य मुद्रा के अधीन लिखत में विनिर्दिष्टतया निम्नलिखित का कथन करने वाली सूचना जमा न कर दी गई हो—

(क) उस व्यक्ति का नाम, जिसके पक्ष में लिखत अनुदत्त किया गया था ; और

(ख) यह कि ऐसे लिखत का समपहरण कर लिया गया है ; या

(ii) जब तक कि उसे उपविनियम (6) के अधीन अविधिमान्य नहीं माना गया है।

वैकल्पिक रूप से दो अनुदाताओं के पक्ष में अनुदत्त प्रॉक्सी लिखत की दशा में समपहरण की सूचना में दूसरे या वैकल्पिक अनुदाता के नाम का वर्णन करना आवश्यक नहीं होगा परंतु यह कि सूचना अन्यथा संदेह से परे उस प्रॉक्सी के लिखत, जिसको समपहृत करने का आशय है, की पहचान करने में पर्याप्त है।

(6) यदि समान शेयरों के संबंध में दो या अधिक प्रॉक्सी लिखत जमा किए गए हैं और यदि प्रॉक्सियों को जमा करने के अंतिम दिन को या उससे पूर्व किंतु ऐसे प्रॉक्सी लिखतों में से किसी एक का उपविनियम (5) में अभिकथित प्रक्रिया के अनुसरण में सम्यकता समपहृत नहीं किया गया है तो प्रॉक्सी के ऐसे सभी लिखतों को अविधिमान्य माना जाएगा।

(7) किसी प्रॉक्सी लिखत का सम्यकता समपहरण किसी भी प्रकार से किसी अन्य विधिमान्य प्रॉक्सी विलेख को उस संबंध में उपविनियम (3) में निर्दिष्ट समय के भीतर जमा करने से नहीं रोकेगा।

(8) किसी प्रॉक्सी लिखत, जो इस विनियम के अधीन समपहरण हो गई है, का अनुदाता उस बैठक में जिससे ऐसा लिखत संबंधित है, व्यक्तिगत रूप से मत देने का हकदार नहीं होगा।

38. अनुषंगी बैंक के किसी कर्मचारी की सम्यकता प्राधिकृत प्रतिनिधि या प्रॉक्सी के रूप में नियुक्ति का अविधिमान्य होना—कोई व्यक्ति, जो अनुषंगी बैंक अधिकारी या कर्मचारी है, को अनुषंगी बैंक की किसी साधारण बैठक के संबंध में सम्यकता प्राधिकृत प्रतिनिधि या प्रॉक्सी के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकेगा।

अध्याय 6

निदेशकों का निर्वाचन

39. साधारण बैठक में निदेशकों का निर्वाचन किया जाना—(1) अनुषंगी बैंक के शेयरधारकों के निदेशक का निर्वाचन अनुषंगी बैंक के शेयरधारकों की साधारण बैठक में होगा।

(2) जब अनुषंगी बैंक के शेयरधारकों की किसी साधारण बैठक में किसी निदेशक का निर्वाचन किया जाना है, तो ऐसे निर्वाचन की सूचना को बैठक बुलाने की सूचना में शामिल किया जाएगा। ऐसी प्रत्येक सूचना में निर्वाचन किए जाने वाले निदेशकों की संख्या और रिक्तियों की विशिष्टियों, जिनके संबंध में निर्वाचन आयोजित किया जाना है, को भी विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

40. शेयरधारकों की सूची—(1) अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खंड (घ) के अधीन अनुषंगी बैंक के निदेशक के निर्वाचन के प्रयोजन के लिए अनुषंगी बैंक के शेयर रजिस्ट्रर में दर्ज शेयरधारकों की एक सूची तैयार की जाएगी।

(2) ऐसी सूची में शेयरधारकों के नाम, उनके रजिस्ट्रीकृत पते, उस तारीख सहित, जिसको शेयर रजिस्ट्रीकृत किए गए थे, उनके द्वारा धृत शेयरों के नंबर, उनको उपदर्शित करने वाली संख्या तथा उन मतों की संख्या, जिसके लिए वह उस बैठक के लिए नियत तारीख को, जिसको निर्वाचन किया जाना है, मत देने के हकदार होंगे और सूची की प्रतियां बैठक के लिए नियत तारीख से कम से कम तीन सप्ताह पूर्व उस मूल्य पर, जो बोर्ड या कार्यपालक समिति द्वारा समय-समय पर प्रति कॉपी नियत किया जाए, अनुषंगी बैंक के मुख्यालय में किए गए आवेदन पर क्रय करने के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी।

41. निर्वाचन के लिए अभ्यर्थियों का नामनिर्देशन—(1) अनुषंगी बैंक के निदेशक के निर्वाचन के लिए किसी अभ्यर्थी को विधि पूर्वक तब तक नामनिर्देशित नहीं किया जाएगा, जब तक :--

(क) वह नामनिर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को अधिनियम की धारा 25क और धारा 27 के अधीन निदेशक के रूप में नामनिर्देशन के लिए अर्हित हो ;

(ख) नामनिर्देशन अभ्यर्थी से भिन्न मत देने के लिए अर्हित कम से कम दो शेयरधारकों द्वारा लिखित में हस्ताक्षरित हो या उनके सम्यकता गठित अटार्नियों द्वारा हस्ताक्षरित हो, परंतु यह कि किसी शेयरधारक द्वारा नामनिर्देशन, जो कोई निगमित निकाय है, उक्त निगमित निकाय के निदेशकों द्वारा संकल्प द्वारा किया जा सकेगा और जहां वह इस प्रकार किया जाता है, उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा, जिसमें वह पारित किया गया था या मुख्य कार्यपालक अधिकारी या कंपनी सचिव या किसी निदेशक या अभ्यर्थी से भिन्न निगमित निकाय द्वारा सम्यकता प्राधिकृत अधिकारी द्वारा संकल्प की सही प्रति के रूप में प्रमाणित प्रति अनुषंगी बैंक के मुख्यालय को प्रेषित की जाएगी और ऐसी प्रति को ऐसे निगमित निकाय की ओर से नामनिर्देशन समझा जाएगा ;

(ग) किसी न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट, एसुरेन्स रजिस्ट्रार या उप रजिस्ट्रार या अन्य सरकारी राजपत्रित अधिकारी या स्टेट बैंक या अनुषंगी बैंक के किसी अधिकारी के समक्ष अभ्यर्थी द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा को अंतर्विष्ट करने वाला नामनिर्देशन कागज-पत्र कि वह नामनिर्देशन को स्वीकार करता है और निर्वाचन में खड़ा होने के लिए इच्छुक है और वह अधिनियम की धारा 25क और धारा 27 के अधीन निदेशक बनने के लिए अयोग्य नहीं है ;

(घ) उसने उसके द्वारा अकेले या अन्य के साथ संयुक्त रूप से धृत अनुषंगी बैंक के शेयरों, यदि कोई हों, के संबंध में ऐसे शेयरों के संबंध में काल के संदाय के लिए अंतिम नियत तारीख से पूर्व सभी कालो का संदाय कर दिया है ।

(2) कोई भी नामनिर्देशन तब तक विधिमान्य नहीं होगा जब तक वह अनुषंगी बैंक के मुख्यालय में किसी कार्यदिवस को बैठक के लिए नियत तारीख से कम से कम 14 स्पष्ट दिन से पूर्व सभी संबंधित दस्तावेजों या कागजपत्रों के साथ प्राप्त नहीं कर लिया जाता है ।

42. अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन—(1) नामनिर्देशन प्राप्त करने के लिए नियत अंतिम तारीख के पश्चातवर्ती पहले कार्यदिवस को उस पर प्रबंध निदेशक द्वारा विचार किया जाएगा । प्रबंध निदेशक ऐसी जांच, यदि कोई हो, जैसा वह आवश्यक समझे, करने के पश्चात् विनियम 41 के उपबंधों के संबंध में अपना समाधान करने पर और प्रत्येक अभ्यर्थी के नामनिर्देशन को स्वीकार या अस्वीकार करेगा, जैसा उसे न्यायोचित प्रतीत हो और अस्वीकार करने की दशा में वैसा करने के कारणों को संक्षिप्त में अभिलिखित करेगा । प्रबंध निदेशक का इस संबंध में विनिश्चय कि कोई नामनिर्देशन विधिमान्य है या अविधिमान्य विनियम 44 के अधीन किसी निर्देश के परिणाम के अधीन रहते हुए अंतिम होगा । यदि निर्वाचन द्वारा भरे जाने के लिए किसी विशिष्ट रिक्ति के लिए केवल एक विधिमान्य नामनिर्देशन हो तो उस रिक्ति के लिए विधिमान्य नामनिर्देशित अभ्यर्थी को उस प्रयोजन के लिए बुलाई गई बैठक में निर्वाचित समझा जाएगा और उसके नाम और पते को इस प्रकार निर्वाचित के रूप में प्रकाशित किया जाएगा । ऐसी दशा में बैठक में कोई निर्वाचन नहीं होगा और यदि केवल एकमात्र पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए कोई बैठक बुलाई गई थी तो बैठक रद्द हो जाएगी । यदि किसी विशिष्ट रिक्ति के लिए विधिमान्य नामनिर्देशन एक से अधिक हो जाते हैं तो प्रबंध निदेशक निर्वाचन द्वारा उस रिक्ति को भरने के लिए विधिमान्य नामनिर्दिष्ट अभ्यर्थियों के नाम और पते को प्रकाशित करवाएगा ।

(2) उपविनियम (1) के अनुसरण में सभी सूचनाएं भारत में व्यापक परिचालन रखने वाले कम से कम दो समाचार-पत्रों में प्रकाशित की जाएंगी ।

(3) प्रबंध निदेशक उसके द्वारा जारी प्रत्येक सूचना की प्रति तुरंत अध्यक्ष को भेजेगा ।

43. निर्वाचित अभ्यर्थियों द्वारा पदभार ग्रहण करना—किसी विधिमान्य रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचित निदेशक द्वारा उस तारीख के पश्चातवर्ती तारीख को, जिसको वह निर्वाचित होता है या निर्वाचित हुआ माना जाता है, द्वारा पदभार ग्रहण किया गया समझा जाएगा ।

44. निर्वाचन विवाद—(1) यदि किसी व्यक्ति, जिसे निर्वाचित माना गया है या निर्वाचित घोषित किया गया है कि योग्य या अयोग्य के संबंध में या अनुषंगी बैंक के निदेशक के निर्वाचन की विधिमान्यता पर कोई विवाद उद्भूत होता है तो हितबद्ध कोई व्यक्ति, जो अभ्यर्थी है या ऐसे निर्वाचन में मत देने का हकदार कोई शेयरधारक है, इस बाबत अध्यक्ष को अनुषंगी बैंक के प्रबंध निदेशक के माध्यम से लिखित में संसूचित करेगा और उक्त संसूचना में उन आधारों, जिन पर वह निर्वाचन की वैधता पर संदेह करता है या विवाद है, की पूरी विशिष्टियां देगा ।

(2) उपविनियम (1) के अधीन किसी संसूचना की प्राप्ति पर, अध्यक्ष तुरंत ऐसे संदेह या विवाद को किसी समिति, जो उसके द्वारा और अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खंड (ख) के अनुसरण में नामनिर्दिष्ट अनुषंगी बैंक के निदेशक तथा अधिनियम की उस धारा के खंड (ग) के अनुसरण में नामनिर्दिष्ट किसी एक निदेशक से मिलकर बनेगी, को विनिश्चय के लिए निर्दिष्ट करेगा ।

(3) समिति ऐसी जांच करेगी, जो वह आवश्यक समझे और निर्देश का उसकी प्राप्ति के 60 दिन के भीतर विनिश्चय करेगी और यदि वह यह पाती है कि निर्वाचन विधिमान्य निर्वाचन था तो वह निर्वाचन के घोषित परिणाम की पुष्टि करेगी या यदि वह यह पाती है कि निर्वाचन विधिमान्य निर्वाचन नहीं था तो वह ऐसा आदेश करेगी और ऐसे निदेश देगी जिसके अंतर्गत नया निर्वाचन आयोजित करना भी है, जो समिति को परिस्थितियों में न्यायोचित प्रतीत हो ।

(4) इस विनियम के अनुसरण में ऐसी समिति का कोई आदेश और निदेश निश्चायक होगा ।

अध्याय 7

बोर्ड, उसकी कार्यपालक समिति और अन्य समितियां

45. बोर्ड की बैठकें—(1) बोर्ड की बैठकें अनुषंगी बैंक के अध्यक्ष द्वारा या उसके द्वारा दिए जाने वाले निदेश के अधीन रहते हुए प्रबंध निदेशक द्वारा प्रत्येक वर्ष कम से कम छह बार और प्रत्येक तिमाही में कम से कम एक बार बुलाई जा सकेंगी ।

(2) कोई अन्य तीन निदेशक, जो स्टेट बैंक के अधिकारी नहीं है, अध्यक्ष से बोर्ड की किसी भी समय बैठक बुलाने का अनुरोध कर सकेंगे और अध्यक्ष ऐसे अनुरोध की प्राप्ति पर पर्याप्त सूचना देते हुए बोर्ड की बैठक बुला सकेगा परंतु यह कि इस प्रकार बुलाई गई बैठक की तारीख अनुरोध की प्राप्ति की तारीख से 21 दिन के पश्चात् नहीं होगी ।

(3) बोर्ड की बैठकें अनुषंगी बैंक के मुख्यालय या ऐसी किसी अन्य स्थान पर जैसा बैठक बुलाने की सूचना में विनिर्दिष्ट किया जाए, आयोजित की जाएंगी ।

(4) साधारणतया, बोर्ड की प्रत्येक बैठक के लिए न्यूनतम 15 दिन की सूचना दी जाएगी और ऐसी सूचना प्रत्येक निदेशक को उसके रजिस्ट्रीकृत पते पर भेजी जाएगी। कोई आपात बैठक बुलाना आवश्यक पाए जाने पर भारत में प्रत्येक निदेशक को उसे उसमें भाग लेने के लिए समर्थ बनाने के लिए पर्याप्त सूचना दी जाएगी ।

(5) उस कारबार से भिन्न, जिसके लिए बैठक बुलाई गई थी, किसी कारबार पर बोर्ड की बैठक में विचार-विमर्श नहीं किया जाएगा सिवाय बैठक के अध्यक्ष और बैठक में उपस्थित या वीडियो संगोष्ठी के माध्यम से निदेशकों के बहुमत की सहमति के, जब तक कि उसके विषय में प्रबंध निदेशक द्वारा एक सप्ताह की सूचना न दी गई हो ।

(6) वीडियो संगोष्ठी के माध्यम से बोर्ड की बैठक में किसी निदेशक की सहभागिता केवल तभी विधिमान्य होगी जब ऐसी सहभागिता बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट अनुषंगी बैंक या स्टेट बैंक के किसी कार्यालय से की जाए ।

(7) चार निदेशक, जिसमें से एक अध्यक्ष या स्टेट बैंक के अधिकारी के रूप में अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खंड (ग) के अधीन अनुषंगी बैंक का निदेशक होगा, कारबार के संव्यवहार के लिए गणपूर्ति होंगे ।

(8) बोर्ड की प्रत्येक बैठक की कार्यवाहियों की प्रति तत्पश्चात यथासंभव शीघ्र निदेशकों की सूचना के लिए परिचालित की जाएगी और उस पर उस बैठक की या पश्चातवर्ती अगली बैठक की अध्यक्षता करने वाले व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे ।

46. बोर्ड की बैठक के बिना संकल्प का विधिमान्य होना—(1) बोर्ड के निदेशकों के बहुमत द्वारा हस्ताक्षरित लिखित संकल्प विधिमान्य और प्रभावशील होगा और वह बोर्ड द्वारा उस तारीख को पारित संकल्प समझा जाएगा, जिसको उस पर संकल्प के अंतिम हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे :

परंतु संकल्प की प्राप्ति के 7 दिन के भीतर कोई असहमत निदेशक लिखित में अपेक्षा करता है कि इस प्रकार पारित संकल्प को बोर्ड की बैठक के समक्ष रखा जाए तो संकल्प को यथापूर्वोक्त विधिमान्य और प्रभावशील तब तक नहीं समझा जाएगा जब तक कि उसे ऐसी बैठक में पारित न कर दिया जाए ।

(2) उपविनियम (1) की कोई बात अनुषंगी बैंक द्वारा ऋण या अग्रिम या छूट प्रदान करने या बिलों के क्रय से संबंधित किसी विषय की बाबत किसी संकल्प को लागू नहीं होगी ।

47. कार्यपालक समिति का गठन और शक्तियां—(1) किसी अनुषंगी बैंक की बाबत कार्यपालक समिति निम्नलिखित से मिलकर बनेगी—

(क) अधिनियम की धारा 29 की उपधारा (1) या धारा 32 के अधीन नियुक्त अनुषंगी बैंक का प्रबंध निदेशक ;

(ख) अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खंड (ग) के अधीन नामनिर्दिष्ट तीन निदेशक, जिनमें से अधिकतम दो स्टेट बैंक के अधिकारी होंगे ; और

(ग) अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खंड (घ) के अधीन निर्वाचित एक निदेशक :

परंतु अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खंड (ख) के अधीन नामनिर्दिष्ट अध्यक्ष और निदेशक कार्यपालक समिति की किसी भी बैठक में भाग ले सकेंगे और अध्यक्ष या ऐसा निदेशक उस बैठक के लिए जिसमें वह इस प्रकार भाग लेता है, कार्यपालक समिति का निदेशक समझा जाएगा ।

(2) उपविनियम (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी उस उपविनियम में निर्दिष्ट नहीं किया गया कोई भी निदेशक कार्यपालक समिति की बैठक में भाग लेने का हकदार होगा और वह इस प्रकार भाग ली गई बैठक में कार्यपालक समिति का निदेशक समझा जाएगा ; किंतु वह उस बैठक में भाग लेने के लिए किसी फीस का संदाय किए जाने का या बैठक के कार्य के संबंध में यात्रा या रुकने के व्ययों की प्रतिपूर्ति किए जाने का तब तक हकदार नहीं होगा जब तक कि उससे अनुषंगी बैंक द्वारा ऐसी बैठक में भाग लेने के लिए अनुरोध न किया गया हो या ऐसे संदाय विनिर्दिष्ट रूप से बोर्ड द्वारा प्राधिकृत नहीं किए गए हों ।

(3) उपविनियम (1) के खंड (ख) और खंड (ग) में निर्दिष्ट निदेशक स्टेट बैंक द्वारा कार्यपालक समिति में किसी एक समय एक वर्ष की सेवा करने के लिए नामनिर्दिष्ट किए जाएंगे ।

(4) अपनी शक्तियों के निर्वहन में कार्यपालक समिति ऐसे साधारण या विशेष निदेशों द्वारा आबद्ध होगी जैसा बोर्ड समय-समय पर अधिनियम और इन विनियमों से सुसंगत निदेश दे, किंतु किसी ऐसे निदेश के अधीन रहते हुए कार्यपालक समिति अनुषंगी बैंक के सभी चालू कारबार का संव्यवहार कर सकेगी ।

(5) यदि इस विषय में कोई प्रश्न उद्भूत होता है कि क्या कोई विषय अनुषंगी बैंक के चालू कारबार से संबंधित है तो बैठक के अध्यक्ष का विनिश्चय अंतिम होगा ।

48. कार्यपालक समिति की बैठकें—(1) कार्यपालक समिति की बैठक मास में कम से कम एक बार आयोजित की जाएगी, कार्यपालक समिति के निदेशकों को बैठक में भाग लेने के लिए पर्याप्त सूचना दी जाएगी ।

(2) बैठक में उपस्थित या वीडियो संगोष्ठी के माध्यम से तीन निदेशक, जिनमें से एक अध्यक्ष होगा या एक निदेशक अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खंड (ग) के अधीन नामनिर्दिष्ट स्टेट बैंक का अधिकारी कारबार के संव्यवहार के लिए गणपूर्ति होंगे :

परंतु किसी भी समय अधिनियम की धारा 34 की उपधारा (5) के अर्थ में हितबद्ध या संबद्ध निदेशकों की संख्या दो से अधिक होती है या दो होती है तो शेष निदेशक (अर्थात् ऐसे निदेशकों की संख्या, जो इस प्रकार हितबद्ध या संबंधित नहीं हैं) ऐसे समय के दौरान गणपूर्ति होंगे। तथापि, यह कि उस समय मत देने के हकदार कम से कम दो निदेशक उपस्थित हैं ।

(3) इस अधिनियम के उपबंध इस विनियम में अन्यथा उपबंधित के सिवाय कार्यपालक समिति की बैठकों को ऐसे लागू होंगे जैसे वे बोर्ड की बैठकें, जिसके अंतर्गत परिचालन द्वारा पारित संकल्प भी है, थी ।

49. अन्य समितियां—(1) अन्य समितियों का गठन ऐसी समितियों की शक्तियां और कृत्य तथा ऐसी समितियों में कारबार का संचालन वह होगा, जो अनुषंगी बैंक के संबंध में समय-समय पर बोर्ड द्वारा अभिकथित किया जाए ।

(2) ऐसी प्रत्येक समिति की बैठक का कार्यवृत्त कार्यपालक समिति या अनुषंगी बैंक के बोर्ड के समक्ष प्रत्येक बैठक के पश्चात् यथाशीघ्र रखा जाएगा ।

अध्याय 8

प्रबंध निदेशक

50. प्रबंध निदेशक को प्रत्यायोजन—(1) प्रबंध निदेशक को अनुषंगी बैंक के चालू कारबार, जिसका कार्यपालक समिति द्वारा संव्यवहार किया जा सकेगा, का संव्यवहार करने की शक्ति होगी, यदि प्रबंध निदेशक के मत में कार्यपालक समिति की अगली बैठक तक कार्रवाई को या संकल्प को परिचालित करने के द्वारा कार्यपालक समिति का विनिश्चय अभिप्राप्त करने तक आस्थगित नहीं किया जा सकता है परंतु ऐसी कार्रवाई की रिपोर्ट अगली बैठक में कार्यपालक समिति को की जाएगी ।

(2) पूर्वगामी शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना प्रबंध निदेशक निम्नलिखित के लिए प्राधिकृत होगा :

(क) उसे प्रत्येक दशा में किसी विनियम, नियम, आदेश, संकल्प या मुख्तारनामे में अंतर्विष्ट निर्बंधनों, यदि कोई हो, के अधीन रहते हुए उक्त विनियम या बोर्ड द्वारा बनाए गए नियम या बोर्ड या कार्यपालक समिति के किसी आदेश या संकल्प या उसके पक्ष में बोर्ड या कार्यपालक समिति द्वारा जारी मुख्तारनामे द्वारा शक्तियों का निर्वहन करने और उसे सौंपे गए या प्रत्यायोजित कर्तव्यों का निष्पादन करने ; और

(ख) साधारणतया ऐसे कृत्यों या चीजों को करने, जो उक्त शक्तियों के निर्वहन या ऐसे कर्तव्यों के निष्पादन की आनुषंगिक या पारिणामिक हो सकेंगे ।

(3) यदि तत्समय प्रबंध निदेशक का पद रिक्त है तो उपविनियम (1) और उपविनियम (2) के अधीन प्रबंध निदेशक की शक्तियों और कर्तव्यों का उपयोग या निष्पादन, जब तक कि प्रबंध निदेशक की नियुक्ति न कर दी जाती है, का उपयोग या निष्पादन अनुषंगी बैंक के ऐसे निदेशक या अन्य अधिकारी द्वारा किया जाएगा जैसा स्टेट बैंक इस निमित्त नियुक्त करे ।

अध्याय 9

निदेशकों की फीस और भत्ते

51. निदेशकों की फीस—कोई निदेशक, जो प्रबंध निदेशक नहीं है या केंद्रीय सरकार या रिज़र्व बैंक या स्टेट बैंक के किसी अधिकारी को अनुषंगी बैंक द्वारा निम्नलिखित दरों पर फीस का संदाय किया जाएगा, अर्थात् :--

(क) बोर्ड की बैठकों में भाग लेने के लिए प्रति बैठक 20,000 रुपए या ऐसा पुनरीक्षित रकम जैसा परामर्श दिया जाए या केंद्रीय सरकार द्वारा पब्लिक सेक्टर बैंकों के लिए समय-समय पर अधिसूचित की जाए और ऐसी पुनरीक्षित रकम को पूर्वोक्त वर्णित रकम के स्थान पर प्रतिस्थापित की गई समझी जाएगी ;

(ख) कार्यपालक समिति या बोर्ड की अन्य समिति की बैठक में भाग लेने के लिए 10,000 रुपए या ऐसा पुनरीक्षित रकम जैसा परामर्श दिया जाए या केंद्रीय सरकार द्वारा पब्लिक सेक्टर बैंकों के लिए समय-समय पर अधिसूचित की जाए और ऐसी पुनरीक्षित रकम को पूर्वोक्त वर्णित रकम के स्थान पर प्रतिस्थापित की गई समझी जाएगी ;

(ग) अनुषंगी बैंक के किसी अन्य कार्य में भाग लेने के लिए ऐसी दर, जैसा केंद्रीय सरकार द्वारा पब्लिक सेक्टर बैंकों के लिए परामर्श दिया जाए या ऐसी राशि जैसा बोर्ड सम्मिलित कार्य की प्रकृति और रकम के संबंध में समय-समय पर नियत करें ।

52. निदेशकों का यात्रा और ठहरना भत्ता—(1) फीस, जिसके लिए विनियम 51 के अधीन अनुषंगी बैंक का निदेशक हकदार है, के अतिरिक्त प्रत्येक ऐसे निदेशक को, जो अनुषंगी बैंक के कार्य से संबंधित यात्रा कर रहा है, को उसके यात्रा और ठहरने के व्यय, यदि कोई हैं, की ऐसे आधार पर जैसा समय-समय पर बोर्ड द्वारा नियत किया जाए, प्रतिपूर्ति की जाएगी ।

(2) कोई निदेशक, जो सरकार, रिज़र्व बैंक, स्टेट बैंक का अधिकारी है, को उसे लागू नियमों के अनुसार यात्रा और ठहरने के व्ययों की प्रतिपूर्ति की जाएगी ।

अध्याय 10

ऋण और अग्रिम

53. धारा 37 के अधीन आदेश और स्टेट बैंक की शक्तियों का प्रभावित नहीं होना—इस अध्याय के उपबंध निम्नलिखित के अधीन रहते हुए प्रभावी होंगे—

(i) अधिनियम की धारा 37 की उपधारा (2) के अधीन केंद्रीय सरकार द्वारा जारी कोई आदेश ; और

(ii) स्टेट बैंक द्वारा अधिनियम और इन विनियमों के उपबंधों के अधीन दिए गए निदेश और अनुदेश ।

54. अग्रिम आदि के लिए शर्तें और अपेक्षाएं—कोई अनुषंगी बैंक—

(क) ऐसी रकम से अधिक जैसा स्टेट बैंक इस निमित्त नियत करे सिवाय किसी विनिर्दिष्ट प्रतिभूति, छूट या क्रय बिल या अग्रिम या कोई उधार या अग्रिम नहीं प्रदान करेगा ;

(ख) किसी व्यक्ति या भागीदारी फर्म, जिसके अंतर्गत संयुक्त हिन्दू कुटुंब फर्म है, की उस स्थान पर संदेय, जहां वह छूट, क्रय, उधार या अग्रिम के लिए प्रस्तुत की जाती है, किसी अपराक्रम्य लिखत की प्रतिभूति पर कोई छूट या क्रय या उधार या अग्रिम प्रदान नहीं करेगा, यदि उस पर साधारण भागीदारी में एक-दूसरे से असंबंधित कम से कम दो व्यक्तियों के अनेक उत्तरदायित्व नहीं है और उनमें से प्रत्येक पराक्रम्य लिखत की रकम के लिए अच्छा है ;

(ग) किसी परक्राम्य लिखत या प्रतिभूति (जो विनिर्दिष्ट प्रतिभूति या कोई लिखत या प्रतिभूति नहीं है, जिसमें न्यासी भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 की धारा 20 के अधीन न्यास धन का विनिधान कर सकता है), जो ऐसी छूट, क्रय, ऋण या अग्रिम की तारीख से 15 मास के भीतर परिपक्व नहीं होती है, यदि विनिधान या प्रतिभूति को मौसमी कृषि सक्रियाओं के वित्तपोषण के लिए आहरित या जारी किया जाता है और पूर्वोक्त की तारीख से छह मास के भीतर यदि लिखत या प्रतिभूति को किसी अन्य प्रयोजन के लिए आहरित या जारी किया जाता है ; और

(घ) 12 मास की अवधि से अधिक अवधि के लिए ऋण या अग्रिम प्रदान करता है, सिवाय जैसा इन विनियमों में उपबंधित है ।

55. विशेष उपबंध—विनियम 54 में अंतर्विष्ट कोई बात निम्नलिखित को लागू नहीं होगी—

(क) ग्राहकों के खाते, जिनका स्टेट बैंक द्वारा यथा नियत प्रतिभूति के साथ या उसके बिना उस सीमा तक ओवरड्रा किया जा रहा है ;

(ख) निम्नलिखित को ऋण या अग्रिम देना :--

(i) भारत में तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन स्थापित जिला बोर्ड, नगरपालिका समिति या अन्य स्थानीय प्राधिकरण को उस अवधि के लिए, जो इस निमित्त स्टेट बैंक द्वारा नियत की जाए ;

(ii) किराया खरीद लेनदेनों या ऐसे लेनदेनों के वित्तपोषण में लगे हुए व्यक्तियों को ऐसी प्रतिभूति पर, जो इस निमित्त स्टेट बैंक द्वारा अनुमोदित की जाए, पर अधिकतम 24 मास की अवधि के लिए ; और

(iii) ऐसे व्यक्ति को, ऐसे प्रयोजनों के लिए ऐसी प्रतिभूति पर और ऐसे निबंधनों पर, जैसा समय-समय पर स्टेट बैंक विनिर्दिष्ट करें :

परंतु उन मामलों में, जहां ऋण या अग्रिम की रकम एक लाख रुपए से अधिक होती है तो स्टेट बैंक रिजर्व बैंक के अनुमोदन से ऐसे व्यक्तियों को, प्रयोजनों को, प्रतिभूति और निबंधनों को विनिर्दिष्ट कर सकेगा ;

(ग) ऐसे उद्योगों, कारबार या व्यापार में लगे हुए व्यक्तियों के निमित्त या उद्योगों, कारबार या व्यापार के वर्गों को ऋण या अग्रिम प्रदान करना या मितिकाटा या पराक्रम्य लिखतों का ऐसे निबंधनों और शर्तों पर तथा ऐसी प्रतिपूर्ति पर, जैसा इस निमित्त स्टेट बैंक द्वारा इस निमित्त अनुमोदित किया जाए, क्रय करना, परंतु ऐसे ऋण या अग्रिम और ऐसे परक्राम्य लिखत 15 वर्ष से अनधिक अवधि के भीतर परिपक्व हो जाएंगे ;

(घ) बीजकों का मितिकाटा या क्रय करना या नवीकरण में धन उधार देना या अग्रिम देना या किसी ठहराव या समझौते के लिए नियत दिन से पूर्व मितिकाटा दिए गए बीजकों या क्रय किए गए ऋणों या दिए गए अग्रिम ।

56. कर्मचारियों द्वारा ऋणों और अग्रिमों पर निर्बंधन—(1) कोई कर्मचारी अनुषंगी बैंक की ओर से स्वयं को या किसी संयुक्त कुटुंब को, जिसमें वह सदस्य है या किसी भागीदारी फर्म को, जिससे वह किसी भी रूप में संबद्ध है या किसी न्यास को जिसमें वह न्यासी है या किसी प्राइवेट या पब्लिक लिमिटेड कंपनी को, जिसमें वह पर्याप्त हित रखता है, कोई ऋण या अग्रिम प्रदान नहीं करेगा ।

(2) अन्यथा विहित और सिवाय विनिर्दिष्ट प्रतिभूति के या उन मामलों में, जो समय-समय पर बोर्ड द्वारा अन्यथा विनिर्दिष्ट किए जाएं, कोई कर्मचारी अनुषंगी बैंक की ओर से निम्नलिखित को कोई ऋण या अग्रिम प्रदान नहीं करेगा—

(क) अपने नातेदारों को ;

(ख) किसी व्यष्टि को, जिसके संबंध में उसका कोई नातेदार, भागीदार या गारंटर है ;

(ग) कोई संयुक्त कुटुंब जिसमें उसका नातेदार सदस्य है ;

(घ) कोई फर्म, जिसमें उसका नातेदार भागीदार, प्रबंधक या गारंटर है ; और

(ङ) कोई कंपनी, जिसमें उसके नातेदार सारवान हित रखते हैं या निदेशक, प्रबंधक या गारंटर के रूप में हितबद्ध है।

57. स्टेट बैंक को रिपोर्ट किए जाने वाले अग्रिम — (1) अनुदत्त किया गया या नवीकृत किया गया कोई ऋण या अग्रिम या छूट प्रदान किया गया कोई बीजक, जो उधार लेने वाली की अनुषंगी बैंक के प्रति बिना किसी प्रतिभूति के या किसी प्रतिभूति पर ऋणता को इस निमित्त स्टेट बैंक द्वारा नियत रकम से बढ़ा देता है तो उसकी स्टेट बैंक को तुरंत रिपोर्ट की जाएगी।

(2) उपविनियम (1) के प्रयोजन के लिए अनुषंगी बैंक के प्रति ऋणता में परिवर्तनशील खाते में स्वीकृत अधिकतम आहरण शक्तियों और दस्तावेजी बीजकों में छूट के लिए स्वीकृत अधिकतम सीमा को शामिल माना जाएगा तथापि, वास्तविक आहरण शक्तियां या छूट प्रदान किए गए बीजक अधिकतम आहरण शक्तियों और स्वीकृत सीमा से कम हैं।

58. बैंक के निदेशकों और अधिकारियों को अग्रिम—(1) बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 20 के उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना किसी विनिर्दिष्ट प्रतिभूति के सिवाय अनुषंगी बैंक द्वारा कोई ऋण या अग्रिम निम्नलिखित को नहीं दिया जाएगा—

(क) उसके किसी निदेशक को या अधिकारियों को, जो उस रूप में नियुक्त किए गए हैं, जैसा बोर्ड द्वारा ज्येष्ठ कर्मचारिवृंद नियुक्तियां के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है ; या

(ख) कंपनियों या फर्मों या व्यक्तियों को, जिनके साथ ऐसे निदेशक या अधिकारी भागीदारों, निदेशकों या प्रबंधकों के रूप में संबद्ध है, सिवाय ऐसे निबंधनों और शर्तों के जैसा स्टेट बैंक अनुषंगी बैंक की सिफारिश पर समय-समय पर विनिर्दिष्ट करे।

(2) उपविनियम (1) में निर्दिष्ट से भिन्न अनुषंगी बैंक के किसी अधिकारी या कर्मचारी को कोई ऋण या अग्रिम प्रत्येक मामले में अनुषंगी बैंक की कार्यपालक समिति की विनिर्दिष्ट स्वीकृति के बिना प्रदान नहीं किया जाएगा यदि ऐसा ऋण या अग्रिम बोर्ड या कार्यपालक समिति द्वारा अनुमोदित निबंधनों और शर्तों के अनुसार प्रदान नहीं किया गया है या किसी विनिर्दिष्ट प्रतिभूति के आधार पर प्रदान नहीं किया गया है।

59. शेयरों और डिबेंचरों में विनिधान के लिए स्टेट बैंक के अनुमोदन का आवश्यक होना—अनुषंगी बैंक अपनी निधियों का स्टेट बैंक के अनुमोदन के बिना ऐसी रकम से अधिक और ऐसे निबंधनों और शर्तों के बिना जैसा समय-समय पर विनिर्दिष्ट किया जाए, सीमित दायित्व वाली किसी कंपनी के शेयरों और डिबेंचरों में विनिधान नहीं करेगा।

60. निदेशकों द्वारा उन कंपनियों के नामों को अधिसूचित करना, जिनमें वे हितबद्ध हैं—अधिनियम की धारा 34 की उपधारा (5) के उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना प्रत्येक निदेशक प्रबंध निदेशक को उन कंपनियों के नामो को अधिसूचित करेगा जिनमें वह हितबद्ध है और वह इस तथ्य का किसी भी समय प्रकटन भी करेगा जब उक्त कंपनी को किसी ऋण या अग्रिम को देने पर विचार किया जा रहा है।

61. हितबद्ध निदेशकों के साथ संविदाएं और इंतजाम—अधिनियम या इन विनियमों में अन्यथा उपबंधित के सिवाय कोई संविदा या इंतजाम (अनुषंगी बैंक द्वारा उसके बैंककारी कारबार के सामान्य प्रक्रम में संविदा या इंतजाम से भिन्न) में अनुषंगी बैंक या उसकी ओर से, जिसमें कोई निदेशक प्रत्यक्षत: या अप्रत्यक्षत: संबद्ध है या हितबद्ध है, सिवाय स्टेट बैंक के अनुमोदन के प्रविष्ट नहीं होगा।

62. स्टेट बैंक का अनुमोदन सामान्य या विनिर्दिष्ट हो सकेगा—जहां इस अध्याय के उपबंधों के अधीन स्टेट बैंक द्वारा कोई सीमा नियत की जानी है या किसी प्रस्ताव, इंतजाम या विनिधान या कोई ऋण या अग्रिम प्रदान किए जाने के लिए या बीजकों पर छूट या क्रय करने या उनके लिए निबंधनों और शर्तों पर स्टेट बैंक का अनुमोदन आवश्यक है तो ऐसी सीमा को नियत किया जा सकेगा या ऐसा अनुमोदन अनुषंगी बैंक को किसी विशिष्ट संव्यवहार या संव्यवहारों के वर्ग या सामान्यत: प्रदान किया जा सकेगा।

अध्याय 11

प्रकीर्ण

63. रीति और प्ररूप, जिसमें अनुषंगी बैंक पर बाध्यकर संविदाएं निष्पादित की जा सकेंगी—(1) अनुषंगी बैंक की ओर से संविदाएं निम्नानुसार की जा सकेंगी :--

(क) किसी संविदा, यदि वह प्राइवेट व्यक्तियों द्वारा की गई है, का विधि द्वारा लिखित, उससे प्रभारित पक्षकारों द्वारा हस्ताक्षरित होना अपेक्षित है, उसे अनुषंगी बैंक की ओर से कृत्य करने वाले किसी व्यक्ति द्वारा उसके अभिव्यक्त या विवक्षित प्राधिकार के अधीन और उसी रीति में परिवर्तित या उसका निर्वहन किया जा सकेगा ;

(ख) कोई संविदा, जिसे यदि प्राइवेट व्यक्तियों द्वारा किया गया है, विधि में मान्य होगी तथापि, केवल पैरोल द्वारा की गई है और लिखित नहीं है, उसे अनुषंगी बैंक की ओर से कृत्य करने वाले किसी व्यक्ति द्वारा उसके स्पष्ट या अंतर्निहित प्राधिकार के अधीन और उसी रीति में परिवर्तित या उसका निर्वहन किया जा सकेगा ।

(2) इस विनियम के उपबंधों के अनुसार की गई सभी संविदाएं विधि में प्रभावी होंगी और अनुषंगी बैंक और उसमें सभी अन्य पक्षकारों तथा उनके विधिक प्रतिनिधियों पर आबद्ध होंगी ।

64. अनुषंगी बैंक के लेखे, प्राप्तियां और दस्तावेज पर हस्ताक्षर कौन करेगा—अनुषंगी बैंक का प्रबंध निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक और ऐसे अन्य अधिकारी और कर्मचारी, जैसा बोर्ड या कार्यपालक समिति इस निमित्त भारत के राजपत्र में अधिसूचना द्वारा प्राधिकृत करे, उस विस्तार और ऐसी सीमा, यदि कोई हों, के अधीन रहते हुए जैसा इस प्रकार प्राधिकरण करते हुए बोर्ड या कार्यपालक समिति विनिर्दिष्ट या अधिरोपित करे, एतद्वारा पृथक्त: अनुषंगी बैंक के लिए और उसके निमित्त अनुषंगी बैंक के वर्तमान या प्राधिकृत कारबार से संबद्ध सभी दस्तावेजों, लिखतों, लेखाओं, प्राप्तियों, पत्रों और सूचना पर हस्ताक्षर करने के लिए सशक्त होंगे और विशेषतया और पूर्वगामी शक्तियों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना वचनपत्रों, स्टॉक प्राप्तियों, स्टॉक डिबेंचरों, शेयरों, प्रतिभूतियों और माल के मालिकाना दस्तावेजों, जो अनुषंगी बैंक के नाम हों या उसके द्वारा धृत हों या उसकी ओर से उसके प्रतिकूल किसी करार की अनुपस्थिति में, किसी व्यक्ति द्वारा धृत या उसकी ओर से धृत, फर्म कंपनी या निगम, जिसके लिए या जिसकी ओर से व्यक्ति, फर्म कंपनी या अनुषंगी बैंक के निगम को अटार्नी के रूप में गठित किया गया है, को पृष्ठांकित और अंतरित करने के लिए प्राधिकृत होगा, वह विनिमय बीजकों और चेकों को आहरित, स्वीकृत और पृष्ठांकित जारी करने, पुष्टि करने और प्रत्यय पत्रों को अंतरित करने तथा गारंटियों और क्षतिपूर्तियों पर हस्ताक्षर करने का अधिकार रहेगा।

65. वाद पत्र आदि पर किसके द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे—प्रबंध निदेशक या विनियम 64 के अधीन अनुषंगी बैंक के लिए और उसकी ओर से दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए सशक्त कोई अधिकारी या कर्मचारी वाद पत्र, लिखित कथन, याचिकाएं, आवेदन और अन्य अभिवचनों पर हस्ताक्षर कर सकेगा और सत्यापन कर सकेगा, शपथ-पत्र ले सकेगा या पुष्टि कर सकेगा, बंधपत्रों पर हस्ताक्षर कर सकेगा, सील कर सकेगा और परिदान कर सकेगा तथा साधारणतया सभी अन्य दस्तावेज, जो विधिक और/या अन्य कार्यवाहियों से संबद्ध है, पर हस्ताक्षर कर सकेगा ।

66. निदेशकों की अयोग्यता को अधिसूचित करने की बाध्यता—(1) यदि अनुषंगी बैंक का कोई निदेशक अधिनियम की धारा 27 में दी गई किसी भी अयोग्यता का पात्र हो जाता है तो वह तुरंत उस तथ्य से और उस तारीख से, जिसको उसकी अयोग्यता लागू होती है, अनुषंगी बैंक के प्रबध निदेशक को अधिसूचित करेगा।

(2) प्रबंध निदेशक को ज्योंही इस बात का पता लगता है कि अनुषंगी बैंक का कोई निदेशक इस अधिनियम की धारा 27 में विनिर्दिष्ट किसी भी अयोग्यता पात्र हो गया है, तो वह इसकी सूचना बोर्ड और स्टेट बैंक को देगा।

67. अनुषंगी बैंक की मुहर—(1) अनुषंगी बैंक की सामान्य मुहर किसी भी लिखत पर नहीं लगाई जाएगी सिवाय ऐसे मामलों के जहां कम से कम दो निदेशक उस लिखत पर अपनी उपस्थिति के रूप में उस पर हस्ताक्षर करते हैं और ऐसे हस्ताक्षर किसी ऐसे व्यक्ति के हस्ताक्षर से भिन्न होते हैं जिसने उस लिखत पर साक्षियों के रूप में हस्ताक्षर किए हैं। जब तक कि यथापूर्वोक्त नहीं किए जाए, तब तक हस्ताक्षर ऐसा लिखत विधिमान्य नहीं होगा ।

(2) उपविनियम (1) की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना अनुषंगी बैंक की सामान्य मुहर को अनुषंगी बैंक के कारबार के संबंध में निम्नलिखित विवरण के लिखतों पर चस्पा किया जा सकेगा, अर्थात् :--

(क) अनुषंगी बैंक के कारबार के संबंध में अपेक्षित कार्यालय परिसर, गृह और अन्य संपत्तियों का पट्टा तथा ऐसे पट्टों का अभ्यर्पण और अंतरण ;

(ख) अनुषंगी बैंक द्वारा क्रय की गई या विक्रय की गई संपत्तियों का अभिहस्तांतरण पत्र ;

(ग) ऐसे लिखत, जिनके द्वारा संपत्ति किसी अनुषंगी बैंक को गिरवी रखी गई है, बिक्री या गिरवी के अंतरण के माध्यम से अभिहस्तांतरण पत्र और ऐसी संपत्ति का पट्टा ;

(घ) अनुषंगी बैंक द्वारा अनुदत्त मुख्तारनामा ;

(ङ) क्षतिपूर्ति संविदाएं, जमानत पर्ची या विनिर्दिष्ट प्रतिभूति के साथ गारंटी या अन्यथा ; और

(च) किसी न्यास या किसी संपदा के प्रशासन के संबंध में, जिसमें अनुषंगी बैंक किसी निष्पादक, न्यासी या अन्यथा संबंधित है, के अनुषंगी बैंक को नियुक्त करने या उन्मोचित करने के लिखत।

68. शेयरधारकों को सूचनाओं की तामील—(1) सिवाय इन विनियमों में उपबंधित के अनुषंगी बैंक द्वारा किसी सूचना की किसी शेयरधारक को या तो व्यक्तिगत रूप से या उसके रजिस्ट्रीकृत पते पर डाक द्वारा या अनुषंगी बैंक द्वारा अनुमोदित किसी अन्य रीति में या उस शेयरधारक को इलेक्ट्रॉनिकी मेल द्वारा, जो ऐसी सूचना को इलेक्ट्रॉनिकी मेल द्वारा प्राप्त करने का विकल्प देता है और अनुषंगी बैंक को अपना ई-मेल का पता प्रस्तुत करता है, तामील की जा सकेगी ।

(2) शेयरधारकों या उनमें से किसी को अनुषंगी बैंक द्वारा दिए जाने के लिए अपेक्षित कोई सूचना और जिसके लिए इन विनियमों में अभिव्यक्त रूप से उपबंध नहीं किया गया है, को यदि विज्ञापन द्वारा दिया जाता है तो पर्याप्त रूप से दिया गया माना जाएगा।

(3) उपविनियम (1) के अधीन भेजी गई कोई सूचना उस दिन से तीसरे दिन तामील की गई मानी जाएगी जिसको उसे अंतर्विष्ट करने वाला लिफाफा या रैपर भेजा जाता है और ऐसी तामील के सबूत के रूप में यह साबित करना पर्याप्त होगा कि सूचना को अंतर्विष्ट करने वाले लिफाफे या रैपर पर पता उचित रूप से लिखा गया था, पूर्व संदत्त था और उसे पारेषण में डाला गया था और अनुषंगी बैंक के कर्मचारी द्वारा लिखित हस्ताक्षरित प्रमाणपत्र की सूचना को अंतर्विष्ट करने वाले लिफाफे या रैपर पर इस प्रकार पता लिखा गया था, तैयार किया गया था और भेजा गया था, उसका निश्चायक साक्ष्य होगा । विज्ञापन द्वारा दी गई किसी सूचना को उस तारीख को दिया गया समझा जाएगा जिसको पहली बार विज्ञापन उपदर्शित हुआ था ।

(4) पूर्वोक्त उपबंधों के अनुसरण में दी गई किसी सूचना को इस बात के होते हुए भी सम्यकता दिया गया माना जाएगा कि शेयरधारक की तब मृत्यु हो चुकी थी और अनुषंगी बैंक को उसकी मृत्यु की सूचना थी या नहीं थी और उस दशा में सूचना विधिक प्रतिनिधियों को समझी जाएगी ।

(5) किन्हीं रजिस्ट्रीकृत शेयरों के संबंध में सभी सूचनाएं, जिनके लिए व्यक्ति संयुक्त रूप से हकदार हैं, ऐसे व्यक्तियों में से रजिस्टर में नामित पहले व्यक्ति को दी जाएगी और इस प्रकार दी गई सूचना उक्त शेयरों के सभी धारकों के लिए पर्याप्त होगी ।

(6) अनुषंगी बैंक द्वारा दी जाने वाली किसी सूचना में हस्ताक्षर लिखित, टंकित या मुद्रित हो सकेंगे ।

69. शेयरधारकों द्वारा अनुषंगी बैंक को सूचना की तामील—अनुषंगी बैंक को किसी सूचना की तामील सम्यक अभिस्वीकृति के अधीन या अनुषंगी बैंक के मुख्यालय को रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजकर की जाएगी ।

70. लाभांश का संदाय—(1) अनुषंगी बैंक के लाभों का लेखा प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को किया जाएगा और लाभांश, यदि कोई हो, की घोषणा की जाएगी यथाशीघ्र सुविधानुसार संदाय किया जाएगा । बोर्ड समय-समय पर ऐसे अंतरिम लाभांशों जैसा उसे न्यायोचित प्रतीत हो, के संदाय की घोषणा कर सकेगा और संदत्त कर सकेगा या संदाय को प्राधिकृत कर सकेगा ।

(2) किसी लाभांश पर अनुषंगी बैंक द्वारा कोई ब्याज देय नहीं होगा ।

(3) किसी शेयर के संयुक्त धारकों के रूप में रजिस्ट्रीकृत अनेक व्यक्तियों में से कोई एक शेयर के संबंध में सभी लाभांशों के लिए प्रभावी रसीद दे सकेगा ।

(4) लाभांश का संदाय चेक या अनुषंगी बैंक के मुख्यालय पर अधिदेश द्वारा किया जाएगा और उसे हकदार शेयरधारकों के रजिस्ट्रीकृत पते पर डाक द्वारा भेजा जाएगा या संयुक्त धारकों की दशा में उस शेयरधारक के रजिस्ट्रीकृत पते पर, जिसका नाम संयुक्त धारकों के संबंध में रजिस्टर में पहले है, भेजा जाएगा और इस प्रकार भेजा गया प्रत्येक चेक या अधिदेश उस व्यक्ति के आदेश पर संदेय बनाया जाएगा, जिसे उसे भेजा गया है ।

(5) उपविनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी अनुषंगी बैंक लाभांश या अंतरिम लाभांश का अधिनियम या इन विनियमों में अधीन उसके लिए हकदार किसी व्यक्ति को या तो ऐसे व्यक्ति के बैंक खाते में सीधे जमा कर या इलेक्ट्रॉनिक संदाय प्रणाली या रिजर्व बैंक द्वारा मान्यताप्राप्त किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिकी निधि अंतरण रीति में कर सकेगा ।

(6) अनुषंगी बैंक लाभांश का किसी ऐसे व्यक्ति को, जो उसका अधिनियम या इन विनियमों के अधीन हकदार नहीं है, नहीं करेगा किंतु उसे प्रतिधारित करेगा और उसकी उस व्यक्ति को, जो बाद में उन शेयरों के संबंध में रजिस्ट्रीकृत हो जाता है जिन पर ऐसा लाभांश संदेय है और अधिनियम या इन विनियमों के अधीन अपात्र नहीं हो जाता है, जो उनको प्राप्त करता है, को संदाय करेगा ।

71. व्यावृत्ति खंड (सेविंग क्लॉज)—अनुषंगी बैंक साधारण विनियम, 1959 के अधिक्रमण के होते हुए भी और इन विनियमों के उपबंधों के अधीन रहते हुए जारी की गई, दी गई, की गई कोई अधिसूचना, आदेश, नियम, स्कीम, प्ररूप, परिपत्र, अनुदेश, प्राधिकरण का प्रवृत्त रहना जारी रहेगा और उनका ऐसे प्रभाव होगा, जैसे कि वे इन विनियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन जारी की गई, दी गई, या किया गया हो ।

अनुसूची 1

प्ररूप क

[विनियम 17 का उपविनियम (1) देखें]

नामनिर्देशन प्ररूप

(एकमात्र रूप से या संयुक्त रूप से आवेदन करने वाले व्यष्टि द्वारा प्रत्येक फोलियो के लिए पृथक् नामनिर्देशन प्ररूप प्रस्तुत किया जाना चाहिए)

मैं/हम .....[1] और .....[1]और .....[2] स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु के फोलियों सं. ..... के अधीन[1] शेयरधारक नामनिर्देशन करना चाहते हैं और एतद्वारा निम्नलिखित व्यक्तियों को नामनिर्दिष्ट करते हैं, जिनमें अंतरण के सभी अधिकार और पूर्वोक्त फोलियो सं. के अधीन धृत शेयरों के संबंध संदेय रकम मेरी मृत्यु/संयुक्त धारकों की मृत्यु की दशा में विहित होगी ।

नामनिर्देशिती का नाम और पता

नाम[3] .....

पता[4] .....

.....

जन्म की तारीख*

.....

(*नामनिर्देशिती के अल्पवयस्क होने की दशा में प्रस्तुत किया जाना है)

**नामनिर्देशिती अल्पवयस्क है जिसका संरक्षक है:

नाम[5] .....

टिप्पण :-

और

पता .....

.....

(**जो लागू न हों उसे काट दें)

शेयरधारक के हस्ताक्षर .....

(प्रथम/एकमात्र शेयरधारक)

नाम .....

पता .....

.....

[1] शेयरधारक (कों) का नाम ।

[2] फोलियो संख्या ।

[3] नामनिर्देशिती का स्पष्ट अक्षरों में पूरा नाम ।

[4] नामनिर्देशिती का पूर्ण स्थायी पता ।

[5] अल्पवय के संरक्षक का नाम और पता ।

तारीख .....

शेयरधारक के हस्ताक्षर (द्वितीय धारक).....

नाम .....

पता .....

.....

तारीख .....

शेयरधारक के हस्ताक्षर (तृतीय धारक).....

नाम .....

पता .....

.....

तारीख .....

पहले साक्षी के हस्ताक्षर .....

नाम .....

पता .....

.....

तारीख .....

दूसरे साक्षी के हस्ताक्षर .....

नाम .....

पता .....

.....

तारीख .....

[1]शेयरधारक(कों) का नाम ।

[1]फोलियो संख्या ।

[1]नामनिर्देशिती का स्पष्ट अक्षरों में पूरा नाम ।

[1]नामनिर्देशिती का पूर्ण स्थायी पता ।

[1]अल्पवय के संरक्षक का नाम और पता ।

प्ररूप ख

[विनियम 17 का उपविनियम (6) देखें]

नामनिर्देशन में परिवर्तन या रद्द करने का प्ररूप

(एकमात्र रूप से या संयुक्त रूप से आवेदन करने वाले व्यष्टि द्वारा प्रत्येक फोलियो के लिए पृथक् नामनिर्देशन प्ररूप प्रस्तुत किया जाना चाहिए)

मैं/हम .....[1] और .....[1]और .....[2] स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु के फोलियों सं. ..... के अधीन[1] शेयरधारक.....के पक्ष में किए गए नामनिर्देशन को रद्द करना चाहते हैं [3]और एतद्द्वारा निम्नलिखित व्यक्ति को नामनिर्दिष्ट करते हैं, जिनमें अंतरण के सभी अधिकार और पूर्वोक्त फोलियों सं. के अधीन धृत शेयरों के संबंध संदेय रकम मेरी मृत्यु/संयुक्त धारकों की मृत्यु की दशा में विहित होगी ।

नामनिर्देशिती का नाम और पता

नाम[4] .....

पता[5].....

.....

जन्म की तारीख*

.....

(*नामनिर्देशिती के अल्पवयस्क होने की दशा में प्रस्तुत किया जाना है)

**नामनिर्देशिती अल्पवयस्क है जिसका संरक्षक है:

नाम[6] .....

टिप्पण :-

और

पता .....

.....

.....

(**जो लागू न हों उसे काट दें)

शेयरधारक के हस्ताक्षर .....

(प्रथम/एकमात्र शेयरधारक)

नाम .....

पता .....

.....

तारीख .....

---

[1]शेयरधारक(कों) का नाम ।

[2]फोलियो संख्या ।

[3]पूर्ववर्ती नामनिर्देशिती का पूरा नाम ।

[4] नामनिर्देशिती का स्पष्ट अक्षरों में पूरा नाम ।

[5]नामनिर्देशिती का पूर्ण स्थायी पता ।

[6]नामनिर्देशिती का पूर्ण स्थायी पता ।

शेयरधारक के हस्ताक्षर (द्वितीय धारक).....

नाम .....

पता .....

.....

तारीख .....

शेयरधारक के हस्ताक्षर (तृतीय धारक).....

नाम .....

पता .....

.....

तारीख .....

दो साक्षियों के नाम/हस्ताक्षर एवं पता

पहले साक्षी के हस्ताक्षर .....

नाम .....

पता .....

.....

तारीख .....

दूसरे साक्षी के हस्ताक्षर .....

नाम .....

पता .....

.....

तारीख .....

प्ररूप ग

प्रॉक्सी प्ररूप

[विनियम 37 का उपविनियम (4) देखें]

स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु

फोलियो सं. .....

(शेयरधारक द्वारा भरी जानी है)

मैं/हम ..... राज्य के ..... जिले के निवासी स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु के शेयरधारक होने के नाते शेयर रजिस्टर में ..... शेयर सं. धारण कर रहे है ..... राज्य के ..... जिले के निवासी को या उनके न होने पर ..... राज्य के ..... जिले के निवासी को एतद्द्वारा स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु की ..... को होने वाली शेयरधारकों की बैठक में या उसके किसी अस्थगन में मेरा/हमारा हमारे और मेरे निमित्त मत देने के लिए प्रॉक्सी नियुक्त करते हैं ।

तारीख ..... को हस्ताक्षरित

हस्ताक्षर

उचित स्टाम्प लगाएं

अनुसूची 2

[विनियम 2(आई) देखें]

1. पति या पत्नी ;
2. पिता ;
3. माता (जिसके अंतर्गत सौतेली माता है) ;
4. पुत्र (जिसके अंतर्गत सौतेला पुत्र है) ;
5. पुत्र की पत्नी ;

6. पुत्री (जिसके अंतर्गत सौतेली पुत्री है) ;

7. पुत्री का पति ;

8. भाई (जिसके अंतर्गत सौतेला भाई है) ;

9. भाई की पत्नी ;

10. बहन (जिसके अंतर्गत सौतेली बहन है) ;

11. बहन का पति ;

12. पति या पत्नी का भाई (जिसके अंतर्गत सौतेला भाई है) ;

13. पति या पत्नी की बहन (जिसके अंतर्गत सौतेली बहन है) ;

सजीव कृष्णन, प्रबंध निदेशक

[विज्ञापन-III/4/असा./29/15(276)]

STATE BANK OFMYSORE

(HEAD OFFICE)

Bengaluru, 4th December, 2015

F. No. 5/2015-16/01.—In exercise of the powers conferred by section 63 of the State Bank of India (Subsidiary Banks) Act, 1959 (38 of 1959) and in supersession of the Subsidiary Banks General Regulations, 1959 published in the Gazette of India *vide* notification number S.B.S.No. 3/59, dated the 30th September, 1959, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the Board of Directors of the State Bank of Mysore, after consultation with the State Bank and the Reserve Bank and with the previous approval of the Central Government, hereby makes the following regulations, namely:

CHAPTER I

INTRODUCTORY

1. Short title and commencement.—(1) These regulations may be called the State Bank of Mysore_General Regulations, 2015.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Definitions.—(1) In these regulations, unless the context otherwise requires,—

(a) "Act" means the State Bank of India (Subsidiary Banks) Act, 1959 (38 of 1959);

(b) "Board" means the Board of Directors of the subsidiary bank;

(c) "Chairman" means the Chairman of the Board of Directors of the subsidiary bank as specified in clause (a) of sub-section (1) of section 25 of the Act;

(d) "Company" means a company as defined in clause (20) of section 2 of the Companies Act, 2013 (18 of 2013), or a body corporate incorporated under any other law for the time being in force, and unless there is anything repugnant in the subject or context, includes a Co-operative Society;

(e) "Executive Committee" means the executive committee of the Board constituted under regulation 47;

(f) "indebtedness to the subsidiary bank" means—

(i) the outstandings on loans, where the loans have been disbursed in full;

(ii) the maximum amounts of loans sanctioned, where the full amounts may not have been disbursed;

(iii) the limits sanctioned for advances of fluctuating accounts even though the actual drawing power may be lower;

(iv) the amounts outstanding on account of usance bills discounted for, and demand bills purchased from, the borrower, or the limits sanctioned therefor, whichever may be higher; and

(v) the amounts for which liabilities have been accepted by the subsidiary bank under loans or advances and are subsisting under bills accepted or letters of credit issued or guarantees or indemnities given for and on behalf of the borrower, or the limits sanctioned thereof, whichever may be higher but does not include indebtedness against specified security;

(g) "loan or advance" includes credit facilities extended by way of discount of usance bills, purchase of demand bills, acceptance of bills or issue of letters of credit and guarantees or indemnities;

(h) "Managing Director" means the Managing Director of the subsidiary bank appointed under section 29 of the Act;

(i) "relative" means the person specified in Schedule-II and includes any other person specified by the Board from time to time;

(j) "Securities and Exchange Board of India" means the Securities and Exchange Board of India established under the Securities and Exchange Board of India Act, 1992 (15 of 1992);

(k) "Securities and Exchange Board of India regulations" means any regulations or guidelines made or issued by the Securities and Exchange Board of India in accordance with the Securities and Exchange Board of India Act, 1992 (15 of 1992);

(l) "specified security" means any one or more of the following securities:

(i) stocks, funds and securities (other than immovable property) in which a trustee may invest trust money under any law for the time being in force;

(ii) debentures or other securities for money issued by or on behalf of a district board, municipal committee or other local authority, under any law for the time being in force;

(iii) subject to such general or special directions as may be issued by the Board;

(a) debentures and fully paid shares of corporations (other than companies registered under any law relating to companies) established by or under any law for the time being in force; and

(b) debentures of companies with limited liability registered under any law relating to companies either in India or in such other country as the Central Government may approve in this behalf;

(iv) receipts, certificates or any other form of instruments issued by the subsidiary bank in evidence of or representing amounts deposited with it;

(v) goods (other than shares or securities) which are deposited with, or, if authorised by special directions of the State Bank, hypothecated to, the subsidiary bank as security for advances, loans or credit;

(vi) documents of title to goods assigned to the subsidiary bank as security for advances, loans or credits;

(vii) any other security that may be specified by the Board in consultation with the State Bank from time to time as "specified security" generally or with reference to any particular purpose or category of borrowers;

(m) "subsidiary bank" means the State Bank of Mysore;

(n) "substantial interest" shall have the same meaning as assigned to it in clause (ne) of section 5 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949).

(2) The words and expressions used and not defined in these regulations but defined in the Act shall have the same meaning respectively assigned to them in the Act.

CHAPTER II

SHARES AND SHARE REGISTERS

3. Shares movable property.—The shares of the subsidiary bank shall be movable property, transferable in the manner provided under these regulations.

4. Share capital.—(1) The share capital of the subsidiary bank shall consist of equity share capital or equity and preference share capital.

(2) Equity share capital is that part of share capital, which is not preference share capital.

(3) Preference share capital is that part of share capital of the subsidiary bank which fulfils the following conditions, namely:—

(a) that as respects dividends, it carries a preferential right to be paid a fixed amount or an amount calculated at fixed rate or floating rate, which may be either free of or subject to income-tax; and;

(b) that as respects capital, it carries or will carry, on winding up, to repayment of capital, a preferential right to be repaid the amount of the capital paid-up or deemed to have been paid up, whether or not there is preferential right to the payment of either or both of the following amounts, namely:—

(i) any money remaining unpaid, in respect of the amounts specified in clause (a) upto the date of winding up or repayment of capital, and;

